हरिभूमि

# इस्पात भूमि

रायपुर, बुधवार, 4 सितंबर 2024


तापमान
अधिकतम 33.5 डिग्री
न्यूनतम 23.2 डिग्री

10 यादव ठेठवार महासभा की बैठक में संगठन विस्तार पर हुई चर्चा



11 तीज मिलन उत्सव में शामिल होंगे दस हजार सुहागिन





## दिक्कत : पड़ोसी जिले में परेशानी नहीं, दुर्ग में लंबे समय से ऋण पुस्तिका नहीं

# ऋण पुस्तिका के शॉर्टेज से रजिस्ट्री नामांतरण सहित जमीन के काम ठप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

जिले में पिछले पिछले लंबे समय से ऋण पुस्तिका की जबरदस्त शॉर्टेज बनी हुई है। जमीन के सौदे के बाद खरीददार जमीन की रजिस्ट्री करा रहे है। लेकिन पटवारियों के पास ऋण पुस्तिका नहीं होने के चलते नामांतरण कार्य अटक गया है। यही नहीं लोग सौदे के बाद जमीन तक नहीं बेच पा रहे हैं। जमीन के एवज में लोगों को बैंक से लोन नही मिल रहा है। इसके बाद भी प्रशासन द्वारा कोई प्रयास नही किए जा रहे है। हरिभूमि ने पड़ोसी जिले राजनांदगांव के पटवारियों से जानकारी जुटाई तो उनका कहना है कि यहां ऋण पुस्तिका की समस्या नहीं है। जिला भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी अनुसार जून माह में जिले के लिए तीस हजार ऋण पुस्तिका की डिमांड राजनांदगांव स्थिति प्रिंटिंग प्रेस को भेजा गया था। जरूरत के अनुसार किए गए डिमांड पर अगस्त माह में जिले को सिर्फ तीन हजार ही ऋण पुस्तिका उपलब्ध कराए गए। वह भी पटवारियों के पास खत्म हो चुकी है। वर्तमान में पटवारी भी ऋण पुस्तिका नहीं होने का बहाना बनाकर हाथ खड़े कर दे रहे हैं। जिसके चलते न सिर्फ खरीददार परेशान हैं, बल्कि रजिस्ट्री प्रभावित होने से राज्य शासन को भी लाखों रूपए का नुकसान रोजाना हो रहा है। बहरहाल तीस हजार डिमांड के बाद भी बेहद कम ऋण पुस्तिका मिलने के मामले में अफसर भी कुछ कहने से बच रहे है। लेकिन इस समस्या से चौतरफा वर्ग परेशान हो रहे है। इससे किसान, इन्वेस्टर और ब्रोकर भी सौदा कराने के बाद रजिस्ट्री कराने में विफल हो रहे है, जिसके चलते उन्हें सौदा निरस्त होने की भी चिंता सताने लगी है। ऋण पुस्तिका नहीं होने का फायदा भी पटवारी वर्ग जमकर उठा रहे हैं। खबर है कि, चहेते लोगों को खुश करने ऐसे पटवारियों द्वारा ऋण पुस्तिका का शार्टेज बताया जा रहा है।

### प्रिंटिंग प्रेस से नहीं हो रही सप्लाई, जमीन खरीददार हो रहे परेशान

### प्रिंटिंग प्रेस का लाखों रुपए बकाया

जानकारी लेने पर पता चला कि, दुर्ग भू-अभिलेख शाखा से राजनांदगांव प्रिंटिंग प्रेस को लाखों रुपए का पुराना भुगतान नहीं किया गया है। जानकारी अनुसार वर्ष 2017-18 का ही करीब तीन लाख रुपए बिल बकाया है। बताया जा रहा है कि, अविभाजित दुर्ग जिले के दौरान से ही लाखों रूपए का भुगतान नहीं किया जा रहा हैं। माना जा रहा है कि, इसलिए ही ऋण पुस्तिका समय पर यहां प्रशासन उपलब्ध नहीं करा पा रही है। हालांकि भुगतान नहीं किए जाने के कारण बताने से अफसर बच रहे है। लेकिन इसका सीधा खामियाजा आम जनता को भुगतान पड़ रहा है।




**भेजे गए डिमांड**

जून माह में करीब तीस हजार ऋण पुस्तिका के लिए डिमांड भेजे गए थे। जिसमे तीन हजार पुस्तिका प्राप्त हुए है। जैसे-जैसे ऋण पुस्तिका आ रही है, उसके अनुसार पटवारियों को उपलब्ध करा रहे है।

-आदित्य कुंजाम
अधीक्षक, भू-अभिलेख शाखा दुर्ग

### सबसे ज्यादा दुर्ग में परेशानी

जानकारी अनुसार सबसे ज्यादा डिमांड दुर्ग ब्लाक में रहती है। यहां जून माह में दस हजार ऋण पुस्तिका की डिमांड की गई थी। वहीं अहिवारा के लिए एक हजार, पाटन के लिए पांच हजार, भिलाई तीन के लिए पांच हजार और बोरी के लिए तीन सौ की डिमांड की गई थी। इस तरह करीब तीस हजार की डिमांड किए जाने के बाद दूसरे माह में सिर्फ तीन हजार ऋण पुस्तिका भेजे गए जो नाकाफी साबित हो रहा है। आगे और डिमांड भेजी जानी है।

### जिला पंजीयक में भी रजिस्ट्रियां प्रभावित

जानकारी अनुसार जिला पंजीयक में रोजाना डेढ़ सौ से दो सौ के करीब रोज रजिस्ट्रियां होती है। लेकिन ऋण पुस्तिका नहीं होने के कारण जहां सौदे टल रहे है, वही क्रेता और विक्रेता रजिस्ट्री नहीं करा पा रहे है। जबकि दूसरी तरफ ऐसे फरियादी जिन्होंने रजिस्ट्री करा ली है, लेकिन उनका नामांतरण पटवारी के पास अटका हुआ है। पटवारियों का कहना है कि, ऋण पुस्तिका मिलने के बाद ही वे नामांतरण कार्य कर पाएंगे। यही कारण है कि, नामांतरण के प्रक्रिया का भी निराकरण समय पर नहीं हो पा रहा है। इधर जमीन की खरीदी-बिक्री के लिए लोग लगातार पंजीयन कार्यालय पहुंच रहे हैं। जहां से उन्हें बैरंग लौटना पड़ रहा है। इसे लेकर लगातार शिकायतें भी की जा रही है। बावजूद इसके अब तक शासकीय स्तर पर इसकी सुनवाई नहीं हो पाई। इससे शासन को राजस्व का भी नुकसान हो रहा है।

## खबर संक्षेप

### भिलाई निगम में आज हड़ताल, नहीं होंगे काम

**भिलाई।** जोन-5 के उपअभियंता दीपक देवांगन के साथ दुर्व्यवहार के मामले में निगम कर्मचारी व अधिकारी एकजुट हो गए है। पुलिस में शिकायत के बाद भी दोनों आरोपियों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। जिसकी वजह से कर्मचारियों में आक्रोश है। 4 सितंबर को भिलाई निगम के कर्मचारी हड़ताल पर रहेंगे।

### अवैध रुप से गांजा बेचने वाला युवक गिरफ्तार



**भिलाई।** लंबे समय से गांजा बेचने का कारोबार करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस के तहत जुर्म दर्ज किया है।एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर शीतला तालाब के पास गार्डन गेट चेक पोष्ट रुआबांधा बस्ती मे जयप्रकाश उर्फ टोपु अवैध रुप से गांजा का कारोबार करता था। युवक के पास से पुलिस ने एक सफेद रंग के प्लास्टिक बोरी में गांजा बेचने के लिए रखा हुआ था। सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी के के मार्गदर्शन में घेराबंदी कर युवक को गिरफ्तार किया गया। आरोपी जय प्रकाश उर्फ टोपु निर्मलकर के पास से 1 किलोग्राम 970 ग्राम गांजा और बोरी का वजन 60 ग्राम कुल कीमती 20 हजार रुपए आंकी गई है।

### बाइक आपस में टकराई, युवक की मौत

**भिलाई।** बाइक आपस में टकराने से युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मामले में पुलिस ने जुर्म दर्ज कर जांच में लिया है। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि मिनी माता चौक खुर्सीपार निवासी मीत्तू सांगा अपने दोस्त के साथ उमदा रोड से भिलाई तीन की ओर जाने के लिए निकला था। उसके साथ दूसरी बाइक में उसका रिश्तेदार था। इस दौरान अचानक मीत्तू की बाइक उसके रिश्तेदार की बाइक से टकरा गई। घटना में युवक सड़क पर गिर पड़ा। हादसे में मीत्तू और पीछे बैठे उसके दोस्त को चोट आई। गंभीर रुप से घायल मीत्तू और उसके दोस्त को अस्पताल पहुंचाया गया।


पाठक सूचना
हरिभूमि समाचार पत्र उतई में अखबार की प्रति, समाचार एवं विज्ञापन के लिए जिज्ञासा न्यूज एजेंसी (लेखराम सोनवानी) मो. 9691072365 पर संपर्क करें।



सस्ता सस्ता सस्ता
न्यू ओम ज्वेलर्स
शादी ब्याह में दुल्हनों के लिए एक से एक सुंदर वेरायटी के गहने उपलब्ध
जितने ग्राम सोना लेने पर उतने ही ग्राम की चांदी बिल्कुल फ्री
916 (22K), 833 (20K), 75 (18K) हॉलमार्क के गहने
अब बिल्कुल सस्ते दामों पर उपलब्ध
आज ही पधारें






* 100% गारंटी सोना, चांदी, हीरा
* टोटल हाल मार्क जेवर
* स्पेशल पर्स, बैग फ्री
* रिपेयरिंग फ्री
शॉप नं. 64 बी इंदिरा मार्केट, दुर्ग


# महिलाओं पर अत्याचार विरोध में कांग्रेस का धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

■ जिला कांग्रेस कमेटी ने सुपेला चौक में किया प्रदर्शन

जिला कांग्रेस कमेटी,भिलाई के अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर के नेतृत्व में महिलाओं पर हो रहे अत्याचार और दुष्कर्म की बढ़ती घटनाओं के खिलाफ सुपेला घड़ी चौक में मौन धरना प्रदर्शन किया गया। इस प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मुंह पर काली पट्टी बांधकर अपनी नाराजगी जताई।

अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर ने बताया कि छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों में महिलाओं पर अत्याचार और दुष्कर्म की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश की पुलिस इन घटनाओं को रोकने में नाकाम साबित हो रही है, जिससे जनता में आक्रोश बढ़ रहा है। उन्होंने आगे कहा कि महिलाओं की सुरक्षा के लिए सख्त कदम उठाने की जरूरत है और सरकार को इस दिशा में ठोस कार्रवाई करनी चाहिए।

धरना स्थल पर जुटे कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शांति बनाए रखी और प्रशासन से महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की। मौन धरना के दौरान कांग्रेस ने यह भी संकेत दिया कि अगर जल्द ही स्थिति में सुधार नहीं होता, तो आंदोलन को और भी उग्र किया जाएगा। मौन प्रदर्शन में पूर्व मंत्री बदरुद्दीन कुरैशी,भिलाई निगम महापौर नीरज ▶▶ शेष पेज 11 पर




# कोरियर सर्विस आफिस में चोरी, दो गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

अमेजन कोरियर सर्विस आफिस का ताला तोड़कर आलमारी से नगदी चोरी करने वाले दो युवको को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा धारा 331,305 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। जेवरा सिरसा प्रभारी राजेश साहू ने बताया कि कर्मचारी नगर सिकोला भाठा निवासी अर्पित बरनवाल का करहीडीह जेवरा सिरसा में स्थित अमेजन कोरियर सर्विस पार्सल ऑफिस में मैनेजर पद पर कार्यरत है। 23अगस्त को मैनेजर ने शिकायत किया था कि अमेजन कोरियर सर्विस में कर्मी लव देवागंन फोन कर बताया कि शटर का ताला तोड़कर आलमारी में रखा गया नगदी रकम चोरी हो गया। पुलिस में शिकायत करने पर पुलिस ▶▶ शेष पेज 11 पर

### एमपी से पहुंचे थे चोर

आरोपी ने बताया कि घटना के पूर्व धमतरी जिला में भी अमेजन कोरियर ऑफिस में असफल प्रयास करना भी स्वीकार किया। उसके बाद करहीडीह स्थित अमेजन कोरियर ऑफिस में आंवलाझरी थाना भरवेली जिला बालाघाट निवासी संतोष लिल्हारे के साथ मिलकर घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। आरोपियों के कब्जे से 98 हजार रूपये नगद और कार को जब्त किया है। उक्त सामानों की कीमत 3 लाख 98 हजार रूपये होना बताया गया है। जप्त किया गया। अग्रिम कार्यवाही चौकी जेवरा सिरसा से की जा रही है।




## गणित पुस्तिका में क्यू आर कोड, टेक्नोलॉजी व हल्बी को बढ़ावा

# दिव्यांग शिक्षिका के. शारदा को मिलेगा राष्ट्रपति शिक्षक पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

राष्ट्रपति शिक्षक पुरस्कार इस बार दुर्ग जिले के सरकारी मिडिल स्कूल खेदामारा की दिव्यांग शिक्षिका के. शारदा को शिक्षक दिवस 5 सितंबर को मिलेगा। के. शारदा छत्तीसगढ़ की इकलौती शिक्षक हैं जो इस सम्मान के नवाजी जाएगी। 2023 में शिक्षक दिवस के अवसर पर राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त हुआ था।

खेदामारा स्कूल की दिव्यांग शिक्षिका के. शारदा का चयन नेशनल जूरी ने तीन वजह से किया है। के. शारदा बताती हैं कि उन्होंने पहली से आठवीं तक के बच्चों की गणितीय शिक्षा को विकसित करने के लिए क्यूआर कोड वाली गणित



पुस्तिका बनाई। नैतिक कहानियों पर आधारित पुस्तकें लिखी। 15 बुक्स निर्माण किया है। शिक्षिका के.शारदा ने बताया कि एआर टेक्निक का उपयोग शुरू किया। इसमें डिजिटल सामग्री का निर्माण किया और अपना खुद का वेबसाइट बनाई, जिसमें ब्लॉगिंग के साथ-साथ वीडियो भी बच्चे देख कर पढ़ और सीख सकते हैं। अरगुमेंटेड रीयल्टी बेस्ड टीचिंग, डिजिटल टीएलएम और कम लागत के 100 से अधिक टीएलएम का निर्माण पॉडकास्ट थे टीचिंग, स्टोरीवेवर पर काम किया। शिक्षिका के. शारदा बताती हैं कि नई शिक्षा नीति के तहत बहुभाषा को बढ़ावा देने के लिए पुस्तक का निर्माण किया। इन पुस्तकों में नैतिक शिक्षा की कहानी पुस्तक का अंग्रेजी , छत्तीसगढ़ी में अनुवाद साथ ही साथ हल्बी में एक पुस्तक का निर्माण किया।

**कोविड के दौरान बनी बच्चों की प्रेरणास्रोत:** शिक्षिका के शारदा बताती हैं कि कोविड काल के दौरान उनकी सोच बदली। ऑनलाइन और मोहल्ला कक्षाओं की शुरुआत की। सीजी स्कूल डॉट इन वेबसाइट पर 270 से अधिक वीडियो अपलोड किया। जिसमें छत्तीसगढ़ के शिक्षा विभाग द्वारा 200 वीडियो को अप्रूवल प्राप्त हुआ। शिक्षिका के शारदा बताती है कि दुर्ग जिले के स्कूली बच्चों की महाराष्ट्र और गुजरात के स्कूलों से कनेक्टिविटी बनाई। जिससे वे संस्कृति से अवगत हुए। इसी तरह उन राज्यों के बच्चों ने छत्तीसगढ़ की संस्कृति जानी, जैसे पंथी नृत्य और बथुकम्मा उत्सव आदि

**राज्य के पीएलसी के लिए तीन बुक बनाए:** शिक्षिका शारदा ने बताया कि राज्य पी.एल.सी के लिए 3 बुक का निर्माण किया। जिसमें खिलौना पुस्तक, भाषा एवं गणितीय कौशल तथा राज्य स्तर पर टीएलएम पुस्तक शामिल है। 33 जिलों के शिक्षकों के बेस्ट टीएलएम को लेकर पुस्तक का निर्माण किया है।

# सीएम ने ली पहली सदस्यता, आज जिले में अभियान का आगाज

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग**

प्रदेश में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दुर्ग से पहली सदस्यता प्रदेश अध्यक्ष के हाथों ग्रहण की है। वही चार सितंबर को उप मुख्यमंत्री व गृहमंत्री विजय शर्मा यहां जिले के सदस्यता अभियान की शुरूआत करेगें।

तीन सितंबर को आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव के हाथों सदस्यता ग्रहण कर प्रदेश में इस अभियान का शुरुआत कर दी हैं। भाजपा सदस्यता अभियान के जिला संयोजक राजेन्द्र कुमार पाध्ये ने बताया कि, चार सितंबर को दुर्ग जिले की भाजपा सदस्यता अभियान की शुरुआत प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा करेंगे। जिले में सदस्यता अभियान का उदघाटन कार्यक्रम प्रातः 11:30 बजे राजनांदगांव बाईपास स्थित अग्रसेन भवन में आयोजित होगा। इस कार्यक्रम में भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. सरोज पाण्डेय, लोकसभा सांसद विजय बघेल, जिला भाजपा प्रभारी राजीव अग्रवाल, जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा, विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा, ललित चंद्राकर, गजेन्द्र यादव, ईश्वर साहू, जिला भाजपा महामंत्री सुरेंद्र कौशिक विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

## उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा करेंगे सदस्यता अभियान का शुभारंभ

### मंडल स्तर पर भी होगी शुरूआत

जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा के निर्देशन में भाजपा सदस्यता अभियान को लेकर जिला, मंडल और शक्ति केंद्र स्तर पर कार्यशालाएं संपन्न हो चुकी हैं। इसके बाद मंडल और शक्ति केंद्र स्तर पर सदस्यता अभियान टोलियों का गठन हो चुका है। 5 सितंबर को दुर्ग जिले के सभी 13 मंडलों में सदस्यता अभियान का उदघाटन विधायक, पूर्व विधायक एवं जिले के वरिष्ठ नेतागण करेंगे। इसके पश्चात 6 सितंबर से 17 सितंबर तक घर-घर संपर्क करके बूथ स्तर पर सदस्यता अभियान चलाया जाएगा।



### जितने वोट मिले, उसका 75 फीसदी सदस्य

राष्ट्रीय नेता और सांसद, विधायक से लेकर के बूथ स्तर के कार्यकर्ता तक सभी को सदस्यता अभियान में जुटना है, प्रत्येक बूथ पर न्यूनतम दो सौ सदस्य और अधिकतम कुल प्राप्त वोटों के 75 प्रतिशत सदस्य बनाने हैं। जिला सदस्यता टोली के सदस्य रविशंकर सिंह, रोहित साहू, उषा टावरी और डॉ. मानसी गुलाटी ने बताया कि बूथ स्तर पर सदस्यता अभियान के दौरान पार्टी के संकल्प, विचारधारा, पंच निष्ठाओं और डबल इंजन की केंद्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धियों व जनहित के कार्यों की जानकारी भी जनता को देंगे।

## खबर संक्षेप



### कलेक्टर ने उल्लास की दिलाई शपथ

**दुर्ग।** कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार एवं जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा के मार्गदर्शन में 8 सितंबर अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के उपलक्ष्य में जिले में 1 सितंबर से 8 सितंबर तक साक्षरता सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर सुश्री चौधरी ने समस्त विभाग के जिला अधिकारियों को उल्लास की शपथ दिलाई। साक्षरता सप्ताह अंतर्गत प्रतिदिन विभिन्न गतिविधियां जैसे जागरूकता रैली, उल्लास शपथ, नुक्कड़ नाटक, शैक्षणिक संस्थानों में विभिन्न प्रतियोगिताओं आदि का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में 1 सितंबर 2024 को स्वच्छता मितानों द्वारा वाहन रैली निकालकर कार्यक्रम का आगाज किया गया, जिसे नगर निगम रिसाली आयुक्त श्रीमती मोनिका वर्मा द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

### स्थानीय को नौकरी देने की मांग

**दुर्ग।** ग्रामीणों ने रायपुर पावर एण्ड स्टील लि. में स्थानीय बेरोजगारों को स्थाई नौकरी देने व अनियंत्रित हो रहे वायु, ध्वनि एवं जल प्रदूषण रोकथाम की मांग कलेक्टर से की है। ज्ञापन में बताया गया है कि रायपुर पावर एण्ड स्टील लि. में पहले से ही 100-100 टन का 3 किलन संचालित है। साथ में पावर प्लांट रोलिंग मिल, फेरो, एसएमएस पायलट एवं बाईड्रम डब्लूडी यूनिट चल रहा है। यहां लगभग 1500 सौ स्थाई,अस्थाई श्रमिक कार्यरत है लेकिन गांव के लोगों को यहां रोजगार से वंचित रखा गया है। पहले से शिक्षित प्रशिक्षित एवं अन्य बेरोजगारों को उचित अनुपात में स्थाई नौकरी नहीं दी जा रही है। कंपनी से अनियंत्रित हो रहे वायु, ध्वनि एवं जल प्रदुषण की भी रोकथाम की जावें। उन्होंने बताया कि संस्थान से लगा 15-20 फीट की रोड़ के उस पार कंपनी एवं इस पार सिंचाई निस्तारी तालाब, नवातरिया बांध है। आम बाजार, बाजार पारा, प्राथमिक कन्या पाठशाला, रेंदापारा, निर्मलपारा, स्टेशनपारा, रेलवे स्टेशन आंगनबाडियां, बावली तालाब, झांपी डोंगरी मंदिर एवं धुमा तालाब एवं इसी से लगा हुआ रेलवे क्रांसिंग कर सिंचाई निस्तारी की बांधा एवं पैठु तालाब स्थित है। रसमडा, गनियारी एवं राजनांदगांव जिले के ग्राम जोरातराई एवं मनगटा आदि ग्रामों की कृषि भूमि जल एवं वायु प्रदुषण से प्रभावित हो रही है। जिसकी रोकथाम एवं स्थानीय रसमड़ा के बेरोजगारों को स्थाई रोजगार दिलाने की मांग ग्रामीणों ने कलेक्टर से की है। उक्त जानकारी पूर्व सरपंच रामखिलावन यादव ने दी है।

### भिलाई नगर विस में एक कार्य के लिए राशि स्वीकृत

**दुर्ग।** कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी द्वारा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजनांतर्गत प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए भिलाई नगर विधानसभा के एक कार्य के लिए 04 लाख 99 हजार 821 रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। विधायक देवेन्द्र यादव द्वारा अनुशंसित उक्त कार्य का संपादन क्रियान्वयन एजेंसी आयुक्त नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा की जाएगी।

## रियल स्टेट : अभी भी चल रहा कांग्रेस सरकार का निर्धारित पंजीयन शुल्क

# जमीन खरीदारों को झटकाः कलेक्टर गाइड लाइन में दी जा रही 30% की छूट समाप्त

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग**

कांग्रेस की सत्ता वाली कलेक्टर गाइड लाइन में दिए गए तीस फीसदी छूट को समाप्त किए जाने के बाद अब खरीददारों को जहां एकतरफ पूरा सौ फीसदी राशि का फटका झेलना पड़ रहा है, वही दूसरी तरफ कांग्रेस सरकार द्वारा बढ़ाया गया पंजीयन शुल्क अभी भी लागू है। जिसे भाजपा की सरकार द्वारा कम नही किया गया है। ऐसे में आम लोगों को जमीन की रजिस्ट्री कराने पर जहां कलेक्टर गाइड लाइन का सौ फीसदी राशि जमा करना पड रहा है, वही पंजीयन शुल्क चार फीसदी देनी पड रही है।

उल्लेखनीय है कि, कांग्रेस की सरकार द्वारा वर्ष 2019 में कलेक्टर गाइड लाइन में तीस फीसदी छूट दी गई थी। तीस फीसदी छूट देने के दौरान ही कांग्रेस ने पंजीयन शुल्क को जो प्वांट आठ फीसदी था। जिसे बढाकर सीधे चार फीसदी याने पांच गुणा बढोत्तरी कर दिया गया था। वर्तमान में यह अभी भी लागू है, जिसे भाजपा की सरकार ने भी कम नही किया है और कांग्रेस द्वारा लिए गए निर्णय अनुसार पंजीयन शुल्क पांच गुणा लिया जा रहा है। उदाहरण के लिए पहले प्वाइंट आठ फीसदी होने पर एक लाख में सिर्फ आठ सौ रूपए देना होता था। लेकिन चार फीसदी पंजीयन शुल्क होने पर एक लाख की रजिस्ट्री का चार हजार देना पड रहा हैं। कांग्रेस द्वारा लिए गए निर्णय में से तीस फीसदी छूट को भले ही भाजपा की सरकार ने समाप्त कर दिया, वही दूसरी तरफ बढाए गए पंजीयन शुल्क से अभी भी वसूली हो रही है। इस तरह आम लोगों को कलेक्टर लाइड का सौ फीसदी स्टांप शुल्क और चार फीसदी पंजीयन शुल्क की मार झेलनी पड रही है।

## अप्रैल माह से बंद की गई तीस फीसदी छूट की स्कीम




### पहले दो माह में पांच करोड़ का बढ़ा राजस्व

पिछले साल वर्ष 2023-24 में 3620 दस्तावेज अप्रैल और मई माह में उपयोग किए गए थे। लेकिन इस बार 3824 दस्तावेज के उपयोग से विभाग को पांच करोड अधिक की आय प्राप्त हुई है। जानकारी अनुसार पिछले साल अप्रैल और मई में जिला पंजीयक विभाग को 53 करोड रूपए का राजस्व मिला था, लेकिन इस साल दो माह में 58 करोड का राजस्व प्राप्त हुआ है। ऐसा माना जा रहा है कि, तीस फीसदी छूट के चलते राजस्व में विभाग को इजाफा हुआ है।

### मुआवजा प्रकरण में मिलेगा लाभ

राज्य शासन द्वारा किसानों की जमीन का अधिग्रहण किए जाने पर उन्हें मुआवजा के एवज में सत्तर फीसदी राशि दी जाती थी। लेकिन तीस फीसदी छूट समाप्त होने के बाद किसानों का सरकार पूरी राशि यानि सौ फीसदी मुआवजा देगी। भारतमाला परियोजना में प्रभावित किसानों को दुर्ग एसडीएम द्वारा सत्तर फीसदी कलेक्टर गाइड लाइन के अनुसार मुआवजा जारी किए गए थे। ऐसा किसानों ने बताया हैं, वही अप्रैल के बाद नए अधिग्रहण में किसानों को सौ फीसदी मुआवजा मिलेगा।

### न टारगेट मिला और न गाइड लाइन जारी

जानकारी अनुसार वित्तिय वर्ष के समाप्ति के पन्द्रह दिन के अंदर जिला पंजीयक को टारगेट दे दिया जाता था। लेकिन राज्य शासन द्वारा अभी तक जिला पंजीयक विभाग को सालाना टारगेट नही दिया गया है। इसी तरह कलेक्टर गाइड लाइन में भले ही तीस फीसदी छूट को हटाया गया है। लेकिन इसमें भी नए कलेक्टर गाइड लाइन जारी नही किया गया है। जिसके चलते पुराने गाइड लाइन के अनुसार जमीन की रजिस्ट्री हो रही हैं।

## ऑफिसर एसो. ने सेवानिवृत्त अधिकारियों का किया सम्मान



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई**

बीएसपी आफिसर्स एसोसिएशन द्वारा अगस्त सेवानिवृत्त अधिकारियों के दीर्घ सेवा के योगदान के लिए सम्मान समारोह का आयोजन प्रगति भवन, सिविक सेंटर, में किया गया। सेफी चेयरमेन व ओए अध्यक्ष नरेंद्र कुमार बंछोर व महासचिव परविंदर सिंह सहित कोषाध्यक्ष अंकुर मिश्रा, उपाध्यक्ष द्वय तुषार सिंह, अखिलेश मिश्रा, सचिव जेपी शर्मा, संजय तिवारी उपस्थित थे। अधिकारियों तथा उनकी पत्नियों का आफिसर्स एसोसिएशन द्वारा पौधे और सम्मान राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया। सेवानिवृत्त अधिकारीगण अपनी सेवा काल के अनुभवों का साझा किया।

समारोह में असित साहा, सीजीएम इंचार्ज, पालीकार्प इक्का, जीएम डॉ. प्रतिभा ईस्सर, एडिशनल सीएमओ डॉ. संगीता कामरा, एडिशनल सीएमओ संजय निखार,

■ प्रगति भवन में उत्कृष्ट योगदान को सराहा

जीएम अशीष कुमार चक्रवर्ती, एजीएम, अशोक कुमार दास, सीनियर मैनेजर, दिनेश कुमार सोनी, सीनियर मैनेजर, बी लोक राजू, असिस्टेंट मैनेजर अक्टूबर 2023 में सेवानिवृत्त फहीम मोहम्मद, सीनियर मैनेजर । श्री बंछोर ने कहा कि यह समारोह सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों के उत्कृष्ट योगदान का सम्मान है। आपके मेडिकल की सुविधाओं को बढ़ाने कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी।

### सेवानिवृत्त अधिकारियों ने अनुभव साझा किए

असित साहा, सीजीएम इंचार्ज (एम एंड यू), पालीकार्प इक्का, जीएम , डॉ. प्रतिभा ईस्सर, एडिशनल सीएमओ, डॉ. संगीता कामरा, एडिशनल सीएमओ , संजय निखार, जीएम, आदि ने अपने अनुभवों व यादों को साझा किया। परविंदर सिंह ने आभार प्रदर्शन व संचालन ओए जोनल प्रतिनिधि जितेन्द्र मानिकपुरी ने किया। इस अवसर पर जोनल प्रतिनिधि संतोष कुमार सिंह, पी एस सेन, विजय कुमार देशमुख, ओमन टेटे, डीपीएस बरार, एमएआर शरीफ, निखिल पेठे, राधाकिशुन, एससी साहू, राजेन्द्र मंत्री, जीएस कुमार, बीएस मान, विवेक गुप्ता तथा एक्स ओए महासचिव जेबी पाटिल आदि उपस्थित थे।

## बीएसपी में बुनियादी नागरिक सुरक्षा के लिए हुई कार्यशाला

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई**

नागरिक सुरक्षा संगठन- छत्तीसगढ़, ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग, भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा कोक ओवन विभाग के कार्मिकों की पत्नियों/गृहिणियों के लिये हम भी हैं तैयार विशेष बुनियादी नागरिक सुरक्षा कार्यशाला मानव संसाधन विकास केंद्र में संपन्न हुई। मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक तरुण कनरार व विशिष्ट अतिथि मुख्य महाप्रबंधक निशा सोनी थीं। महाप्रबंधक प्रभारी संजय कुमार अग्रवाल व महाप्रबंधक समीर राय चौधरी विशेष रुप उपस्थित थे। कनरार ने कहा कि भिलाई इस्पात संयंत्र अनेक बार लाभ व हानि के दौर से गुजरा है, ऐसी स्थिति में भी हमारे कार्मिकों का हित ही हमारी प्राथमिकता रही है। वर्तमान में बायोमेट्रिक उपस्थिति में भी आपके योगदान से ही कार्मिक समय पर कार्यस्थल पर उपस्थित हो पा रहे हैं। नागरिक सुरक्षा प्रत्येक स्थान पर विपरीत परिस्थितियों में गृहिणियों को सक्षम बनाने का कार्य कर रहा है । सोनी ने अपने स्वागत भाषण दिया।



### हादसे रोकने दी जानकारी

कार्यशाला का उद्देश्य किसी भी आपदा, विपरीत परिस्थितियों व संकटकालीन समय में गृहणियों को धैर्य और साहस के साथ कार्य करना व संकट से लड़ना व उसका सामना करते हुए, स्वयं और परिवार का बचाव करना, पीड़ति को सहारा देना, ट्रांसपोर्ट करना, तात्कालिक स्ट्रेचर, रस्सी द्वारा बचाव, प्राथमिक उपचार में ब्लीडिंग रोकना, कृत्रिम स्वास आदि विषयों पर समझ को बढ़ाना है। इसके लिए गृहिणियों को तैयार करने की जिम्मेदारी उठाते हुए नागरिक सुरक्षा संगठन, छत्तीसगढ़, "हम भी हैं तैयार" कार्यक्रम के माध्यम से गृहिणियों को प्रशिक्षित कर रहा है।

## राज्य स्तरीय थांग-ता में दुर्ग जिले के सात प्रतिभागियों ने जीते पदक



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग**

छत्तीसगढ़ एवं बिलासपुर जिला थांग-ता के संयुक्त तत्वावधान में चौथी राज्य स्तरीय थांग-ता मार्शल आर्ट्स प्रतियोगिता बिलासपुर के त्रिवेणी भवन में हुई। प्रतियोगिता में 7 जिलों के 140 महिला पुरुष खिलाड़ियों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि बिलासपुर महापौर रामशरण यादव थे। अध्यक्षता छत्तीसगढ़ थांग-ता संघ के चेयररमैन रविंद्र सिंह ने की। अतिथियों के हाथों खिलाड़ियों को पुरस्कार एवं मेडल वितरण किया गया प्रतियोगिता में सर्वाधिक पदक प्राप्त कर बिलासपुर प्रथम स्थान पर और सूरजपुर के खिलाड़ियों ने उपविजेता का खिताब अपने जिले के नाम दर्ज किया। प्रतियोगिता में निर्णायक जितेंद्र साहू, घनश्याम सिंह, गणेश सागर, इरफान अहमद, अलवेणी राव, डोली कुजूर, कान्हा सोनी, बसंत गौटिआ, ऐश्वर्या साहू, प्रियांशु बीसाई, अर्जुन सोनी थे। दुर्ग जिले के सात खिलाड़ियों ने पदक प्राप्त किया। अर्जुन सोनी, ऐश्वर्या साहू, प्रियांशु बीसाई, प्रवीण देवांगन, कान्हा सोनी, इरफान अहमद और कान्हा केशरवानी ने कांस्य पदक प्राप्त किया।

## प्रदेश में बढ़ते अपराध को लेकर कांग्रेसजनों ने किया मौन प्रदर्शन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग**

प्रदेश में बढते अपराध से नाराज कांग्रेसियों ने हिन्दी भवन के सामने मौन सत्याग्रह किया। इस दौरान कांग्रेसियों ने काली पट्टी बांधकर राज्य शासन के खिलाफ आक्रोश

■ भाजपा शासित राज्यों में महिलाओं की सुरक्षा भगवान भरोसे : वोरा

जाहिर किया। मंगलवार को कांग्रेसजनों ने वरिष्ठ कांग्रेस नेता अरुण वोरा के नेतृत्व में गांधी प्रतिमा के समक्ष मौन प्रदर्शन करते हुए प्रदेश सरकार को सद्बुद्धि देने की प्रार्थना की। पूर्व महापौर आरएन वर्मा, महापौर धीरज बाकलीवाल, प्रदेश महामंत्री राजेन्द्र साहू, सभापति राजेश यादव एवं ब्लॉक अध्यक्षों व बड़ी संख्या में मौजूद महिलाओं के समक्ष पूर्व विधायक अरुण वोरा ने चिंता व्यक्त करते हुए



कहा कि, जब से भारतीय जनता पार्टी ने प्रदेश में सत्ता की बागडोर संभाली है आपराधिक घटनाओं में अप्रत्याशित वृद्धि देखने को मिल रही है।

विशेष तौर पर महिलाओं के लिए प्रदेश बेहद असुरक्षित हो गया है। 9 माह में 600 से अधिक घटनाएं सामान्य बात नहीं है। अधिक उम्र की महिलाएं हों, कॉलेज की छात्राएं हों या स्कूल की छोटी बच्चियां कोई भी खुद को सुरक्षित महसूस नहीं कर रहा है। भोले भाले प्रदेश को अपराध के गढ़ में तब्दील नहीं होने दिया जाएगा कमोबेश भारतीय जनता पार्टी को केवल विपक्ष द्वारा शासित राज्यों में ही महिला सुरक्षा की चिंता है जबकि छत्तीसगढ़ में बिलासपुर, अम्बिकापुर, जशपुर, बस्तर, रायगढ़ यहां तक कि राजधानी रायपुर में हुई घटना पर लीपापोती कर मामले को दबाने का प्रयास किया जा रहा है। कथित तौर पर डीपीएस स्कूल का मामला दबाया जाना बेहद गंभीर विषय है। भाजपा शासित राज्यों में महिलाओं की सुरक्षा भगवान भरोसे चल रही है ऐसे गंभीर विषयों पर दोहरा मापदंड बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मुख्यमंत्री को सद्बुद्धि देने समस्त प्रदेश वासी प्रार्थना कर रहे हैं प्रधानमंत्री व केंद्रीय गृह मंत्री को भी इन विषयों पर स्वतः संज्ञान लेना चाहिए।

## महापौर व अन्य कांग्रेस साथियों के साथ लिया तैयारियों का जायजा

# तीज मिलन उत्सव में शामिल होंगी दस हजार सुहागिनें

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग**

महापौर धीरज बाकलीवाल की अगुवाई में आयोजित तीस मिलन समारोह में शहर के साठ वार्ड की दस हजार सुहागिन तीज मिलन उत्सव में शामिल होगी। इस आयोजन में पूर्व मुख्यमंत्री

■ खालसा पब्लिक स्कूल में आज उत्सव का आयोजन

भूपेश बघेल सहित वरिष्ठ नेता शरीक होगें। आयोजन को लेकर व्यापक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

कल 4 सितंबर बुधवार को पूर्वान्ह 11 बजे मालवीय नगर स्थित खालसा स्कूल में आयोजित अब तक के सबसे बड़े तीज मिलन उत्सव में छत्तीसगढ़, संस्कृति की सारी झलक देखने को मिलेगी। मंच सजावट के साथ पारंपरिक खेलकूद के इंतजाम की सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है। इस आयोजन में दुर्ग शहर विधान सभा के साठ वार्डो से दस हजार महिलाएं शामिल होंगी। निगम महापौर धीरज बाकलीवाल सभापति राजेश महिला बाल विकास प्रभारी जमुना साहू कांग्रेस पार्षदो व नेताओं ने मंगलवार को तैयारियों का जायजा लिया। निगम महापौर धीरज बाकलीवाल ने बताया कि, तीज मिलन उत्सव में शिवलिंग के साथ माता पार्वती की भी प्रतिमा रहेगी। हरितालिका तीज पर्व पर शिवपार्वती की पूजा की परंपरा है। श्री बाकलीवाल ने बताया कि इस आयोजन में सभी वर्ग व समाज की महिलाओं को आमंत्रित किया गया है।

### लगेगा छग व्यंजनों का स्टाल, होंगे विविध आयोजन

मेयर श्री बाकलीवाल ने बताया कि, आयोजन स्थल पर महिलाओं व बहनों के भोजन की भी व्यवस्था की गई है। इसके अतिरिक्त स्व सहायता समूह भी छत्तीसगढ़ी व्यनजनो का स्टाल लगाएगा। आयोजन में पारंपरिक खेलकूद तीज क्वीन परिधान प्रतियोगिता प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता कुर्सी दौड़, रस्सा खीच, गोली चम्मच के प्रतियोगी पुरस्कृत किए जाएगें, वहीं 11.30 बजे अतिथियों के साथ पूर्व मुख्यमंत्री बघेल पहुंचेगें।



### कांग्रेस के वरिष्ठ नेता होंगे शामिल

निगम महापौर धीरज बाकलीवाल सभापति राजेश यादव महिला बाल विकास प्रभारी जमुना साहू समस्त कांग्रेस पार्षद, छाया पार्षद व शहर कांग्रेस महिला कांग्रेस के संगठन के संयुक्त तत्वाधान में पूर्व मुख्यमंत्री सहित अध्यक्षता राज्यसभा सांसद फूलो देवी नेताम करेंगी। विशिष्ट अतिथि के रूप से पूर्व केबिनेट मंत्री रविन्द्र चौबे, ताम्रध्वज साहू, अनिला भेडिया व पूर्व विधायक अरुण वोरा मौजूद रहेगें। समारोह में अतिथि के रूप में पूर्व विधायक प्रदीप चौबे, प्रतिमा चंद्राकर, गया पटेल, महापौर निर्मल कोसरे, महापौर नीरज पाल, महापौर शशि सिन्हा, आर एन वर्मा प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री राजेन्द्र साहू, क्षितिज चंद्राकर सहित अन्य होंगे।

## यादव ठेठवार महासभा की बैठक में संगठन विस्तार पर हुई चर्चा



**दुर्ग।** जिला यादव ठेठवार महासभा की यादव ठेठवार भवन राजीव नगर में बैठक हुई। जिसमें संगठन विस्तार, भवन निर्माण पर चर्चा की गई। बैठक मे हमारे आराध्य यदुकुल शिरोमणि भगवान श्री कृष्ण जी की पूजा अर्चना आरती कर उत्सव मनाया गया। संगठन विस्तार मे सीनियर विंग, युवा प्रकोष्ठ, महिला प्रकोष्ठ पर चर्चा हुई। जिसमे सीनियर विंग से मुकेश यादव गया नगर को अध्यक्ष बनाया गया। युवा प्रकोष्ठ मे गोविंदा लखन यादव को को पुनः अध्यक्ष व महिला प्रकोष्ठ व सभी पदाधिकारी की नियुक्ति कुछ दिन बाद घोषणा की जाएगी। बैठक में गुरूजी कलिराम यादव, राधे लाल यादव, मुकेश यादव, अशोक यादव, संजय यादव, भुनेश्वर यादव, होमलाल यादव, रोशन यादव, धन्ना यादव, गुड्डू यादव, ऋषि यादव, दुष्यंत यादव, यशवंत यादव, नीरज यादव, सुरेन्द्र यादव, अनिकेत यादव, कमलेश यादव, अनिल कुमार यादव, गुलशन यादव, महावीर यादव, आशीष यादव, तिलक यादव, जगेश यादव, मोहन यादव, महेश यादव, तिलक यादव, विकास यादव सहित यादव ठेठवार समाज के सदस्य शामिल हुए।

## खबर संक्षेप



### निःशुल्क सरस्वती साइकिल वितरित

**अंडा।** छात्राओं को साइकिल वितरण शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अंडा में सरस्वती निःशुल्क साइकिल प्रदाय योजना अंतर्गत एससी वर्ग से 17, एसटी वर्ग से 6 एवं ओबीसी बीपीएल वर्ग से 19 कुल 42 छात्राओं को साइकिल वितरित किया गया। इस अवसर पर डीडी साहू, सीएल चंद्राकर, प्राचार्य सीमा जांबुलकर, व्याख्याता वी पद्मावती राव, पी पटेल, जीआर साहू, ममता वर्मा, रेणुका चंद्राकर कक्षा शिक्षक श्वेता भीमटे, सरोज यदु, अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं विद्यार्थीगण, सुनील साहू, योजना प्रभारी लोकेश देशमुख एवं ग्रामीण पालकगण उपस्थित थे।

### बस सेवा शुरू होने से ग्रामीणों में हर्ष

**सेलूद।** ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार यात्री बस की मांग की गई थी पूर्व मंत्री भूपेश बघेल को कुर्मीगुड़ा व पहंदा के ग्रामीणों ने बस सेवा की मांग की गई थी उसको देखते हुए दुर्ग से कुरूद के लिए यात्री बस प्रारंभ की गई है जिससे क्षेत्र के ग्रामीणों में हर्ष ब्यक्त की जा रही है।




मिली जानकारी के अनुसार लक्ष्मी ट्रेवल्स के संचालक भेद प्रकाश वर्मा ने बताया कि रानीतराई से दुर्ग से कुरूद वाया उतई बडौदा, गाड़ाडीह, आमालोरी, बेलौदी, पांहदा होते हुए रानीतराई, भखारा, सिहाद, चोरभट्टी होते हुए कुरूद पहुंचेगी। जिसकी समय रानीतराई से सुबह 7 बजे से दुर्ग 8.30 बजे पहुंचेंगे तत्पश्चात दुर्ग से 9 बजे कुरूद के लिए रानीतराई 11 बजे व भखारा होते हुए 12.30 बजे कुरूद से वापसी निकलेंगे व भखारा होते हुए 4 बजे दुर्ग पहुंचेंगे। शाम 5:15 बजे दुर्ग से रानीतराई के लिए निकलेंगे।

## निधन

### त्रिवेणी यादव

**भिलाई।** नगर पालिका परिषद जामुल वार्ड 16 शिवपुरी निवासी



प्रदीप यादव की पत्नी त्रिवेणी यादव उम्र 38 वर्ष का आकस्मिक निधन 2 सितम्बर को हो गया। उनका अंतिम संस्कार जामुल के स्थानीय मुक्तिधाम में 3 सितम्बर को किया गया। वे सौम्य यादव व समीक्षा यादव की मां एवं पत्रकार पन्ना लाल यादव की भतीजा बहू थीं। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।

## विडंबना: दुर्ग ब्लॉक का एक स्कूल ऐसा, जहां शिक्षा की व्यवस्था बेहद दयनीय

# जंजगिरी स्कूल के प्रधान पाठक पहली से 5 वीं तक के बच्चों को खुद पढ़ा रहे

संजय कुमार साहू ▶▶| अंडा

शिक्षा व्यवस्था की बदतर स्थिति का नजारा नवीन प्राथमिक विद्यालय जंजगिरी, दुर्ग तहसील के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत जंजगिरी में देखने को मिल रहा है। जंजगिरी नवीन शासकीय प्राथमिक विद्यालय शिक्षा अभियान को मुंह चिढ़ाते हुए नजर आ रहे हैं। विद्यालय में बच्चे तो पढ़ने के लिए आते हैं, लेकिन पढ़ाई कम खाली बैठे रहना मज़बूरी हो गया है।

आज़ सरकार शिक्षा के लिए अनेक योजनाएं बनाएं हैं, लेकिन जब विद्यालय में शिक्षक ही नहीं उपलब्ध करवा पाये तो ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को कैसे शिक्षा दें। आज़ हर पालक अपने बच्चों को अच्छा शिक्षा प्राप्त करवाना चाहता है लेकिन जिले के शिक्षा विभाग नींद में सोई है। इस ग्राम में एक और प्राथमिक विद्यालय है जहां पांच शिक्षक है लेकिन इसी ग्राम में आबादी पारा में एक ही शिक्षिका है और पांच कक्षाएं। शासकीय विद्यालय में करीब 67 बच्चे हैं, लेकिन प्राथमिक विद्यालय में कोई स्थाई शिक्षक शिक्षा देने के लिए उपलब्ध नहीं हैं। इस विद्यालय में कक्षा पहली और दूसरी एक कक्षा में तो वहीं कक्षा तीसरी और चौथी एक कक्षा में संचालित होता है। स्कूल में पहली से पांचवीं तक के बच्चों को मिलाकर 67 छात्र-छात्रा शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। पूरे स्कूल में सिर्फ एक अध्यापक तैनात है। यह स्थिति देखकर अभिभावक अपने बच्चों को दूसरे स्कूलों में भेजने को मजबूर हो रहे हैं। ऐसे में नौनिहालों का भविष्य कैसे बेहतर बन सकेगा।

**ऐसे में नौनिहालों का भविष्य कैसे बेहतर बन सकेगा**






### 2 स्थाई शिक्षक स्कूल में होना अनिवार्य

पूरा प्राथमिक स्कूल सिर्फ प्रधान पाठिका शिक्षिका पर टिकी हुई है, जबकि नियम के मुताबिक 2 स्थाई शिक्षक स्कूल में होना अनिवार्य है। किसी भी एकल शिक्षक को नहीं हटाया जा सकता, लेकिन प्राथमिक विद्यालय में जो एकल शिक्षिका थीं। उनका भी प्रमोशन होकर ग्राम खम्हरिया स्कूल चली गई। एक प्रधान पाठिका है बच्चों को पढ़ाने के साथ ही विभागीय कार्य को करना पड़ता है। अब स्कूल की शिक्षा व्यवस्था का अंदाजा लगा लीजिए कि पहली से लेकर पांचवीं तक के सभी बच्चे एक की शिक्षक के हवाले होंगे, तो एक शिक्षिका क्या पढ़ा पाएगी और बच्चों को क्या समझ आएगा।

### यह बोले ग्रामीण

नवीन प्राथमिक विद्यालय आबादी पारा जंजगिरी के पालक संघ अध्यक्ष पूर्णिमा देशमुख, तामेश्वरी देशलहरे, प्रज्ञा नद साहू, तामेश्वरी देशमुख, कमल सिंह सुकतेल ने बताया कि हमारे गांव के बच्चे स्कूल आते हैं, लेकिन कोई पढ़ाने के लिए कोई स्थाई शिक्षक नहीं होता है। कई बार इस संबंध में स्थानीय विधायक, जनप्रतिनिधि को कई बार आवेदन दे चुके हैं, लेकिन अभी तक इसकी सुनवाई नहीं हो पाई है। हमारे गांव की प्राथमिक विद्यालय में 2 शिक्षक होना जरूरी है। मामले की जानकारी के लिए खंड शिक्षा अधिकारी को फोन से संपर्क करने का प्रयास किया तो संपर्क नहीं हो पाया।

## प्रदेश के निर्माण में सभी समाजों की भागीदारी होः विधायक ललित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न ग्रामों ग्राम उतई, कोसरिया समाज, रिसाली दशहरा मैदान नव युग गणेश उत्सव समिति, रुआबांधा राधा कृष्ण मन्दिर में आयोजित श्री कृष्ण जन्माष्टमी कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर शामिल हुए और भगवान श्रीकृष्ण, लड्डू गोपाल की विधि विधान से पूजा-अर्चना किया। वहीं क्षेत्रवासियों के सुख शांति और खुशहाली की कामना की।

■ कृष्ण जन्माष्टमी कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक चंद्राकर

इस अवसर पर संबोधन में विधायक ललित चंद्राकर ने समाज के सदस्यों को जनमाष्टमी की बधाई दी। उन्होंने कहा कि भगवान कृष्ण यादव समाज के आराध्य हैं। समाज द्वारा आज श्रीकृष्ण जनमाष्टमी के अवसर पर सुंदर शोभायात्रा का आयोजन किया गया है। भगवान कृष्ण के विभिन्न रूपों में हम दर्शन करते हैं। उनसे प्रेरणा ग्रहण करते हैं। छत्तीसगढ़ में हमारा उद्देश्य सभी समाजों को बढ़ावा देना है। प्रदेश के निर्माण में सभी समाजों की भागीदारी हो। भारतीय जनता पार्टी से ज़िला मंत्री रोहित साहू महामंत्री सोनू राजपूत रूपेश पारख, नरेन्द्र, साहू, नीलम गढ़े , माधो साहू खुबी राम साहू दुर्गा सेन, करण,सेन, सोहन रिगरी, चिंटू सिन्हा विमला कामडे, लता सोनवानी, संगीता रजक, सीतल, चंदू देवांगन, सरोज साहू, सतीश चंद्राकर, हुबलाल चंद्राकर, कुन्ती साहू,पापा लाल रिगरी आदि उपस्थित थे।

वहीं समाज से यादव समाज अध्यक्ष हरिश यादव, उपाध्यक्ष तेजराम यादव, संरक्षक अश्वनी देवांगन, सचिव भूषण यादव, हेमंत यादव आदि उपस्थित थे।

## शाला विकास और प्रबंधन समिति गठित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

पाटन क्षेत्र के सबसे प्रतिष्ठित शासकीय उच्चतर माध्यमिक बालक शाला पाटन जिसे अब स्वामी आत्मानंद अंग्रेज़ी माध्यम स्कूल पाटन के नाम से जाना जाता है जिसका शाला विकास एवं प्रबंधन समिति का गठन जिले के प्रभारी मंत्री द्वारा नियुक्त अध्यक्ष



कुणाल शर्मा द्वारा किया गया है। शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष कुणाल शर्मा ने सूची जारी करते हुए अन्य औपचाकरिक प्रक्रिया को पूर्ण करने सूची प्राचार्य को सौंप दिया है। जारी सूची के अनुसार अध्यक्ष कुणाल शर्मा होंगे वहीं पदेन सचिव वेलेनटीना मसीह प्राचार्य , शिक्षाविद् के रूप में भास्कर सावर्णी, योगेश निक्की भाले नेता प्रतिपक्ष पाटन पदेन सदस्य, पाटन नगर के वरिष्ठ नागरिक किशन पटेल सदस्य, समाज सेवी एवं पूव सरपंच विष्णु निषाद सिपकोना सदस्य, राज देवांगन सदस्य पाटन, सरजू मरकाम सदस्य पाटन, रेणुका बिजोरा सदस्य अटारी (पाटन), नीतेश तिवारी सदस्य पाटन, धनेश्वर साहू सदस्य सोनपुर, रोशन वर्मा सदस्य एवं शाला में कार्यरत विभिन्न विषयों के विशेषज्ञ दीपा मनोज एसएमडीसी प्रभारी, अंजू राय, नेहा ठाकुर, ज्योतिबाला को शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के सदस्य मनोनित किया गया है।

## धोबी समाज सुपेला परिक्षेत्र के पदाधिकारी निर्विरोध निर्वाचित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

दुर्ग राज झेरिया धोबी समाज पर क्षेत्र छत्तीसगढ़ी धोबी समाज सुपेला पर क्षेत्र का चुनाव किया जिसमें प्रदेश अध्यक्ष मनोज निर्मलकर की मुख्य अतिथि में संपन्न हुआ। रविवार को सुपेला परिक्षेत्र का चुनाव रखा गया था जिसमें तीन पद पर चुनाव संपन्न हुआ जिसमें अध्यक्ष, कोषाध्यक्ष, सचिव तीनों पद के लिए 28 अगस्त तक आवेदन की अंतिम तिथि थी जहां तीनों पद के लिए एक-एक आवेदन आया। तीनों पद के लिए एक-एक नामांकन पत्र आने पर चुनाव निर्विरोध हो गया। अध्यक्ष बेणीराम निर्मलकर कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश गंगबैर, सचिव सोनू निर्मलकर निर्विरोध निर्वाचित हुए। जिसमें मुख्य अतिथि मनोज निर्मलकर अध्यक्ष प्रदेश छत्तीसगढ़ धोबी समाज, विष्णु निर्मलकर अध्यक्ष दुर्ग जिला, जीवन निर्मलकर अध्यक्ष दुर्ग राज क्षेत्रीय प्रभारी, डॉ मदन रजक मुख्य चुनाव अधिकारी, खिलावन निर्मलकर, अग्रहित निर्मलकर मुख्य सलाहकार दुर्ग राज, डॉक्टर प्रेम लाल निर्मलकर, राजीव निर्मलकर, जगदीश्वर निर्मलकर, मोहन निर्मलकर, दानी निर्मलकर, योगेश निर्मलकर, पंचराम निर्मलकर बैगा शीतला मंदिर, देवी लाल निर्मलकर, शंकर निर्मलकर, दिलीप निर्मलकर, दुर्गा प्रसाद निर्मलकर, कुलेश्वर निर्मलकर, शुभम निर्मलकर, चेतन निर्मलकर, कौशल किशोर निर्मलकर सहित आदि उपस्थित थे।



## अंचल की खबरें

### सदस्यता अभियान की दी जानकारी



**अंडा।** ग्राम अंडा में भाजपा शक्ति केंद्र बैठक अंडा-भानपुरी शक्ति केंद्र सदस्यता अभियान के संदर्भ में बैठक संपन्न हुआ, जिसमें सदस्यता संबंधी जानकारी कार्यकर्ताओं को बताया गया। 30 अगस्त से शक्ति केंद्र पर कार्यशाला, 2 सितंबर को राष्ट्रीय सदस्यता अभियान का शुभारंभ, 3 सितंबर प्रदेश सदस्यता अभियान शुभारंभ, 4 सितंबर जिला सदस्यता अभियान शुभारंभ, 5 सितंबर मंडल सदस्यता अभियान शुभारंभ, 6 से 17 सितंबर तक बूथ सदस्यता अभियान, 19 से 25 सितंबर तक सामूहिक सदस्यता अभियान शुभारंभ किया जाना बैठक में जानकारी बताया गया। जिसमें जनपद पंचायत दुर्ग के पूर्व अध्यक्ष शक्ति केंद्र प्रभारी चंद्रशेखर बंजारे उपस्थित हुए और सभी सदस्यों को सदस्यता संबंधित जानकारी दी गई। जिसमें बूथ अध्यक्ष तिलक चंद्राकर, यशवंत बंजारे, उतई मंडल महामंत्री मुकेश चंद्राकर, विधायक प्रतिनिधि लोकेश देवांगन, मुकेश चंद्राकर, मनोज चंद्राकर, चुम्मन साहू, पम्मी चंद्राकर, जितेंद्र सिंन्हा उपस्थित थे।

### सदस्यता अभियान को सफल बनाने लिया संकल्प



**अंडा।** अंजोरा मंडल में आयोजित प्रदेश भाजपा नेतृत्व के निर्देशानुसार महिला मोर्चा द्वारा सदस्यता अभियान की बैठक मे मुख्या वक्त के रूप में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर शामिल हुए। बैठक को संबोधित करते हुए विधायक ललित चंद्राकर ने बताया कि 2 सितम्बर को प्रदेशव्यापी सदस्यता अभियान महापर्व आरंभ हुआ। इस तारतम्य में प्रदेश व्यापी बैठक का दौर चल रहा है। इसी कड़ी में अंजोरा मंडल का बैठक संपन्न हुआ। बैठक में सदस्यता प्रभारी एवं मंडल सदस्यता संयोजकों को आवश्यक मार्गदर्शन और जानकारियां प्रदान की गई व सभी को साथ लेकर सदस्यता अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर अंजोरा मंडल अध्यक्ष गिरेश साहू, जिला सयोंजक राजेंन्द्र पाध्ये, पूर्व सहकारी समिति मर्यादित के अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन, महामंत्री पुराण देशमुख, जिला महामंत्री गायत्री वर्मा, जयश्री राजपूत, महिला मंडल अध्यक्ष यामिनी हरमुख, जनपद सदस्य भाना बाई ठाकुर, महिला मंडल उपाध्यक्ष रेखा यादव, माखन साहू, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष लिकेश्वर देशमुख व सभी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### 10 तक वेतन नहीं मिला तो होगी हड़ताल



**धमधा।** शाखा घोठा के अन्तर्गत आने वाले समितियों के कर्मचारी विगत कई वर्षों से अपनी जिम्मेदारियों से कार्य कर रहे हैं। अवकाश के दिनों में भी रात दिन एक कर पैक्स कम्प्युटराईजेशन, प्रधानमंत्री फसल बीमा, राज्य/केन्द्र ब्याज अनुदान व खाद बीज ऋण वितरण करते रहे, किन्तु समिति कन्हारपुरी, राजपुर, घोठा व घोटवानी के कर्मचारीयों को पिछले 5-6 माह से वेतन नहीं मिला है। जिसको देखते हुए अधिकारीयों को मौखिक सूचना देने के बाद भी कोई कार्यवाही नही हुआ है। कर्मचारियों ने बताया कि बिना वेतन के इस महंगाई में ब्याज में कर्ज लेकर घर चलाना पड़ रहा है तथा आर्थिक तंगी से गुजरना पड़ रहा है। समिति के कई आधारभूत खर्च जैसे इंटरनेट रिचार्ज, प्रिटंर रिफलिंग के पिछले कई माह के बिल का भुगतान हमे नही हुआ है अब तो समिति कार्यालय आने के लिए पेट्रोल के लिए पैसे भी नहीं है। जहां कर्मचारियों ने कहा कि इस विषय में अपना संज्ञान लेवे एवं बैंक सुपरविजन भुगतान के लिए समिति में राशि न होने पर समिति को ऋण देकर सुपरविजन भुगतान कर दिया जाता है। उसी प्रकार कर्मचारीयों के वेतन के लिए भी व्यवस्था कर रुके हुए वेतन को 10 सितंबर तक भुगतान करने की बात कही है। अन्यथा सभी कर्मचारियों को मजबूरन हड़ताल जैसे कदम उठाने पड़ेंगे, जिससे धान पंजीयन, नगद खाद वितरण व केन्द्रीय पैक्स कम्प्युटराईजेशन का कार्य प्रभावित होगा। जिसकी समस्त जवाबदारी समिति प्रबंधक एवं शाखा प्रबंधक का होना बताया है।




## बिजनेस साइट

### मुनगा पेड़ से गिरकर टूटी युवक की रीढ़, हाइटेक में हुआ इलाज



**भिलाई।** एक युवक मुनगा तोड़ते समय शाख के टूटने से नीचे गिर गया। हादसे में उसकी रीढ़ की हड्डी गंभीर रूप से जख्मी हो गई। इसकी वजह से उसकी कमर के नीचे का हिस्सा पूरी तरह सुन्न हो गया। दो तीन अलग-अलग अस्पतालों के चक्कर काटने के बाद अंततः वह हाइटेक पहुंचा। यहां सर्जरी के बाद अब वह स्वयं न केवल उठ खड़ा हुआ है बल्कि एचकेए ऑर्थोसिस की मदद से चल भी पा रहा है। हाइटेक हॉस्पिटल के न्यूरो सर्जन डॉ. दीपक बंसल ने बताया कि 22 वर्षीय इस युवक को दिसम्बर 2023 में चोट लगी थी। वह सब्जी बेचने का काम करता है। एक दिन वह मुनगा के पेड़ से गिर गया और गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसे पहले सरकारी अस्पताल लेकर गए जहां से उसे हायर सेन्टर रिफर कर दिया गया। दो तीन अस्पतालों के चक्कर काटने के बाद वह हाइटेक पहुंचा। डॉ बंसल ने बताया कि जांच करने पर पता चला कि युवक के एल-1 में फ्रैक्चर है। हादसे में स्पाइनल कॉर्ड भी क्षतिग्रस्त हो गया है। इसकी वजह से कमर के नीचे के हिस्से पर उसका कोई नियंत्रण नहीं रह गया है। मरीज की तत्काल सर्जरी कर रीढ़ की मरम्मत की गई। रॉड डालने के साथ ही स्पाइनल कॉर्ड को भी दबाव से मुक्त किया गया। इस प्रक्रिया में दो घंटे से भी अधिक का वक्त लगा। सर्जरी के 5-6 दिन बाद वह उठकर बैठने लगा। डॉ बंसल ने बताया कि रोगी की तीव्र इच्छा शक्ति, मानसिक दृढ़ता और फिजियोथेरेपी की बदौलत 8 महीने में युवक अब एक बार फिर अपने पैरों पर खड़ा हो गया है। वह वॉकर का सहारा लेकर स्वयं ही चल फिर सकता है। मरीज के पुनर्वास में फिजियोथेरेपी की बड़ी भूमिका रही। चूंकि मरीज के पैरों में बिल्कुल भी ताकत नहीं रह गई थी इसलिए उसे हिप-नी-एंकल-फुट ऑर्थोसिस एक तरह का बाह्य सपोर्ट सिस्टम बनवाकर दिया गया। इसकी मदद से अब वह बिना संतुलन गंवाए खड़ा हो पाता है और वॉकर की मदद से चलना फिरना भी कर पाता है। पैरों में अब काफी जान लौट चुकी है तथा वह उन्हें अपनी इच्छा से संचालित कर पा रहा है। इस कार्य में डॉ दीपक बंसल के अलावा, डॉ. टीपी देवांगन, डॉ. नरेश देशमुख, फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. अर्चना गुप्ता आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### भारत का सबसे एफोरडेबल और बेस्ट टेस्ट सीरीज

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ के शिक्षा के क्षेत्र मे क्रांति लाने वाले तुहिन मंडल डाइरेक्टर - द फ्लैश एकेडमी लेकर आ चुके हैं। नीट के विद्यार्थियों के लिए भारत का सबसे एफोरडेबल एवं बेस्ट टेस्ट सीरीज। जहां बच्चों से टेस्ट सीरीज के लिए 15-20 हजार ले लिए जाते हैं, वहीं मंडल मात्र 2100/- में टेस्ट सीरीज देकर बच्चों के लिए मील का पत्थर साबित हो रहा है। संस्था द्वारा प्रत्येक टेस्ट के प्रश्न पत्र का हल वीडियो के माध्यम से अपने यूट्यूब चैनल पर दिया जा रहा है।

**न्यायालय अतिरिक्त कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)**

**विवाह सूचना का प्रकाशन**

क्रमांक क/ /वाचक/अति-कले/2024
बिलासपुर, दिनांक 29.08.2024

श्री धनराज देवांगन आत्मज श्री मथुरा प्रसाद उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम पाटन थाना व तहसील पाटन जिला दुर्ग छ.ग. एवं कुमारी प्रियंका देवांगन आत्मजा श्री लाड़लीदास देवांगन उम्र 29 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 42 डबरीपारा सरकंडा थाना सरकंडा तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग.

द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा-5 के तहत सूचना पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः प्राप्त सूचना का प्रकाशन सर्व साधारण के लिए दैनिक समाचार पत्र में किया जाता है। इस विवाह के संबंध में यदि कोई आपत्ति या दावा हो तो अपनी आपत्ति/दावा इस कार्यालय में दिनांक 03.10.2024 को प्रातः 11:00 बजे प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार करना संभव नहीं होगा।


धनराज देवांगन


प्रियंका देवांगन

विवाह अधिकारी
बिलासपुर (छ.ग.)

## पेज 9 के शेष

### कोरियर सर्विस आफिस...

आरोपियों की तलाश में जुट गई। मुखबिर व सीसी कैमरे को खंगालने के बाद एसीसीयू व जेवरा पुलिस ने आरोपी को पकड़ने प्लान तैयार किया। सीसीटीवी कैमरों का त्रिनयन एप्प के माध्यम से फूटेज निकाला गया। फूटेज में एक संदिग्ध काले रंग की हुंडई एसेंट कार में दिख रहा था। उसी आधार पर पुलिस ने कार की जानकारी जुटाई गई। उसके बाद कार का नंबर स्पष्ट होने पर वाहन मालिक तक पुलिस पहुच गई। पूछताछ करने पर पता चला कि उनका पहचान वाला बालाघाट एमपी निवासी सुनील कावडे कार का इस्तेमाल करने की जानकारी दी। टीम ने आरोपी के घर जागपुर थाना भरवेली जिला बालाघाट पहुची। जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ करने पर चोरी की नियत से बालाघाट से भिलाई अपने पहचान वाले के यहां आना स्वीकार किया। एसीसीयू डीएसपी हेमप्रकाश नायक, एसीसीयू प्रभारी तपेश्वर नेताम, जेवरा प्रभारी राजेश साहू समेत पुलिस कर्मी मौजूद थे।

### महिलाओं पर अत्याचार...

पाल,रिसाली महापौर शशि सिन्हा, एमआईसी संदीप निरंकारी, जोन अध्यक्ष राजेश चौधरी, सुरेश वर्मा,पूर्व महापौर सुश्री नीता लोधी, भिलाई निगम सभापति गिरवर बंटी साहू, रिसाली सभापति केशव बंछोर, एमआईसी मेंबर केशव चौबे, सनीर साहू,चंद्रशेखर गवई, सुभद्रा सिंह,ब लॉक अध्यक्ष नंदकुमार कश्यप,रामा विश्वकर्मा, प्रमोद प्रभाकर, तुलसी पटेल,गौरव श्रीवास्तव, दानेश्वरी साहू, मुकुंद भाऊ, छाया पार्षद शमशेर सिद्दीकी, भुवनेश्वरी, आनंद डोंगरे, आरवीके राव, वाय के सिंह, मोहन लाल गुप्ता, जावेद खान, रजा सिद्दीकी, चवन राम साहू, अर्जुन शर्मा, संजीत चक्रवर्ती, दुर्गा साहू सहित आदि उपस्थित थे।




विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

# तीस साल पुराना सुलभ भगवान भरोसे, दरवाजे टूटे हुए, गंदगी का आलम

## वार्ड 27 फौजी नगर हाउसिंग बोर्ड के 40 से ज्यादा परिवार हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई के अंतर्गत आने वाले वार्ड 27 हाउसिंग बोर्ड है। जहां तीस साल पुराने सुलभ शौचालय तक की सुधी लेने में सालों लगा दिया है। 40 परिवारों को शौच जाने के लिए कई दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जबकि पीएम नरेन्द्र मोदी की घर-घर सुलभ शौचालय की योजना नगर निगम भिलाई में दम तोड़ रही है। सालों से फौजी नगरवासी सुलभ शौचालय का गंदगी और बुरी तरह क्षतिग्रस्त होने के बाद भी उपयोग करने को मजबूर है। भिलाई नगर निगम के अंतर्गत आने वाले इस वार्ड में विकास के नाम पर सिर्फ छलावा दिखाई दे रहा है। इस शौचालय में बारिश के समय पानी भी भर जाया करता है। शौचालय को लेकर वार्ड के लोगों ने कई बार निगम समेत कई जनप्रतिनिधियों का चक्कर लगा चुके है लेकिन शौचालय अब तक अपडेट नहीं हो पाया है। इस कारण फौजी नगर के लोगों को शौच जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। शौचालय के भीतर टाइल्स तक टूट चुका है मगर लोगों की समस्या को लेकर इस ओर ध्यान किसी का नहीं है। इस तरह भिलाई निगम अपने ही वार्ड से सौतेला व्यवहार करता आ रहा है।

### टायलेट का दरवाजा तक डेमेज है

फौजी नगर के इस सार्वजनिक शौचालय में रोज सैकड़ों की संख्या में लोग उपयोग करते है। लेकिन शौचालय का दरवाजा भी बूरी तरह से डेमेज है। शौच के लिए जाने वालों को अपने एक हाथ से दरवाजा को पकड़कर बैठने को मजबूर है। इस तरह की समस्या से यहां के लोग अर्से से जूझ रहे है। जनता की समस्या से निजात दिलाने के लिए न निगम भिलाई न ही कोई जनप्रतिनिधि आगे आया है। डेमेज दरवाजे तक को व्यवस्थित करने में निगम सुस्त दिखा रहा है। यहां लगे वश बेसिंग में लगने वाला पाइप तक गायब है। जिससे शौच के लिए आने वालों को हाथ धोने में दिक्कत होती है।






### फौजी नगर में बुरा हाल

वार्ड 27 फौजी नगर के शौचालय को देख कर स्वच्छता सर्वेक्षण का बुरा हाल दिखाई देता है। नगर पालिक निगम के स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही का बड़ा उदाहरण यहां देखने को मिल रहा है। जनता की समस्या का कोई सरोकार नहीं दिखाई दे रहा है। कई टायलेटो का दरवाजा तक अलग हो गया है। शौचालय का उपयोग यहां की महिलाएं भी करी है। किसी दिन यहां महिलाओं के साथ बड़ी घटना हो जाती है तो इसका जिम्मेदार आखिर कौन होगा? इस 3 साल पुराने शौचालय को दस साल पहले दोबारा अपडेट किया गया था लेकिन घटिया काम होने से पूरी तरह खराब हो गया है।

## खबर संक्षेप

### गांजा बेचने वाले दो युवक गिरफ्तार

**भिलाई।** अवैध रुप से गांजा बेचने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। छावनी प्रभारी चेतन चंद्राकर ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने पावर हाउस खंडहर के पास दबिश देकर जोन 3 खुर्सीपार निवासी योगेश्वर रेड्डी ,जोन 2 बालाजी नगर निवासी खुर्सीपार शरमन सिंह को गिरफ्तार किया गया। युवको के पास से पुलिस ने 2.38 किलो ग्राम बोरी में गांजा जब्त किया गया। जिसकी कीमत 23 हजार 800 रुपए आंकी गई है।

### तनाव प्रबंधन कार्यशाला में पावर जोन लाभान्वित



**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के विद्युत विभाग द्वारा पॉवर जोन के कार्मिकों के लिए तनाव प्रबंधन कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में तनाव प्रबंधन, इसके लक्षण तथा निवारण पर चर्चा की गई। कार्यशाला में वरिष्ठ प्रबंधक डां. गणेश मंथापुरवार ने तनाव प्रबंधन के लिए महत्वपूर्ण जानकारी सरल और सहज रूप में प्रदान की। कार्मिकों के प्रश्नों का समाधान भी किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाप्रबंधक पीएस खोब्रागड़े ने कहा कि वर्तमान समय की व्यस्ततापूर्ण जीवनशैली में तनाव हमें मानसिक रूप से प्रभावित करने के साथ शारीरिक स्वास्थ्य पर भी गहरा असर डालता है जिससे अनेक तरह की स्वास्थ्य संबंधी बीमारियाँ होने की संभावना रहती हैं।कार्यक्रम का संचालन मानव संसाधन विभाग के उप प्रबंधक गिरीश कुमार मढ़रिया ने किया। महाप्रबंधक राहुल निगम तथा महाप्रबंधक संजय अग्रवाल ने डां. गणेश मंथापुरवार को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया।

### सीजीएम प्रभारी असित को दी भावभीनी विदाई



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन ने मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी (एम एंड यू) असित साहा को सेवानिवृत्ति पर इस्पात भवन में भावभीनी विदाई दी। निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने श्री साहा को सम्मानित किया। कार्यपालक निदेशक पवन कुमार सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। श्री दासगुप्ता ने बीएसपी बिरादरी की ओर से उनके स्वस्थ जीवन की कामना की। 39 साल बीएसपी में सेवा करने वाले श्री साहा ने सेल) में अपने सेवा अनुभव और भविष्य की योजनाओं को साझा किया। इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में बी.टेक की डिग्री के साथ असित साहा 1985 को सेल के बीएसपी में प्रबंधन प्रशिक्षु (तकनीकी)स्नातक अभियंता के रूप में शामिल हुए। बीएसपी में अपने 39 वर्षों के लंबे सेवा काल के दौरान श्री साहा ने सेल-बीएसपी में सीसीएस, इन्कॉस, इंस्ट्रूमेंटेशन एंड ऑटोमेशन और एम एंड यू विभागों में विभिन्न पदों पर कार्य किया । साहा को 30 जून 2019 को बीएसपी के इंस्ट्रूमेंटेशन और ऑटोमेशन विभाग के मुख्य महाप्रबंधक पदोन्नत हुए।

## गंदगी और बदबू से बीमारियों का खतरा, लोग हो रहे परेशान

# सेक्टर 7 मैदान के निकट खाली सड़क पर फेंका जा रहा कचरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

अपनी नीट एंड क्लीन छवि के लिए वर्षों तक एक अलग पहचान बनाने वाला बीएसपी टाउनशिप में अब पटरीपार की तरह जगह जगह गंदगी और कचरे के रुप में जान जा रहा है। सेक्टर 7 दशहरा मैदान क्रास स्ट्रीट ट्रेंचिंग ग्राउंड में बदल गई है। भारी गंदगी और बदबू से आसपास के रहवासियों का रहवास मुश्किल हो गया है। इस मामले में बीएसपी पीएचडी और नगर निगम भिलाई दोनों ही सुस्ती में हैं। क्षेत्रवासियों में मौसमी बीमारियों और त्योहार को देखते हुए जल्द सफाई कराने कूड़ाघर बनाने पर सख्त रोक लगाने की मांग की है।

सेक्टर 7 क्रास स्ट्रीट 35 में स्थित 6 जर्जर आवासीय ब्लाकों को पांच साल पूर्व बीएसपी द्वारा सुरक्षा की दृष्टि से डिस्मेंटल कर दिया गया था। इससे सड़क के दोनों ओर खाली जमीन पर घने पेड़ पौधे नर्सरी के रुप में उगे हुए हैं। इस सड़क से आसपास के लोग सुबह शाम वाकिंग के साथ सेक्टर 7 सीनियर सेकंडरी स्कूल मैदान, मार्केट आदि जाते हैं। इसी दशहरा मैदान में खेल एवं युवा कल्याण संघ द्वारा हर साल विजयादशमी उत्सव का आयोजन किया जाता है,जिसमें हजारों लोग जुटते हैं। इसी सड़क के मुहाने पर पिछले साल की तरह इस साल भी गणेशोत्सव का आयोजन भी किया जा रहा है। निकट ही पानी टंकी परिस में मेंटेनेंस आफिस व मंकिनम्मा मंदिर भी है। पीछे की सड़क से विद्यार्थी कल्याण कालेज आते जाते हैं। इतनी महत्वपूर्ण और हरियाली वाली सड़क का उपयोग जिम्मेदार कूड़ा मैदान के रुप में कर रहे हैं। क्षेत्रवासियों ने बताया कि पूरी सड़क 35 कचरे के बड़े ढेरों से पट गई है। सफाई ठेकेदार व सफाई कर्मियों के जरिए अपनाडीजल व समय बचाने यहां रोज यहां कचरा फेकवा रहा है। पिछले पंद्रह बीस दिनों में ही 25 कचरे के बड़े बड़े ठेर जमा हो गए हैं। इसके चलते राहगीरों का इस सड़क से नाक व मुंह पर रुमाल रखकर गुजरना पड़ रहा है। साथ ही आसपास के रहवासियों को बदबू के कारण रहना मुश्किल हो रहा है। आवारा मवेशी कचरा फैला रहे हैं । यहां मरे कुत्ते बिल्ली व जानवर भी फेके जा रहे हैं। रहवासियों ने बताया कि बारिश के कारण बदबू घरों में ही नहीं बल्कि स्कूल मैदान तक आ रही है। डेंगू, मलेरिया व डायरिया जैसी मौसमी बीमारियों को व त्योहार को देखते हुए बीएसपी व निगम जल्द सफाई कराने के साथ पर्यावरण व सुंदरता खराब करने वाले कचरा फेके जाने वालों को सख्ती से समझाइश दें।

### हराभरी सड़क को बना रहे कूड़ाघर



### अराजक तत्वों की बनी शरणस्थली

5 साल पूर्व इस क्रास स्ट्रीट के अनफिट तिमंजिला आवासीय ब्लाकों को ढहाए जाने के बाद से ही दोनों ओर सघन पेड़ों व झाड़ियों के बीच यह खाली सड़क अराजत तत्वों की मौज मस्ती के लिए पनाहगाह बनकर रह गई है। असामाजिक तत्व यहां सुबह से दिनभर व देरशाम तक जगह जगह समूहों में गांजा और शराब पीते रहते हैं। नशे में गालीगलौच व लड़ाई झगड़े भी रोज की बात हो गई है। इतना ही नहीं आवारा लड़के लड़कियां भी यहां अलग अगल जोड़ों के रुप में आकर खुलेआम पूरी बेशरमी से रासलील रचाते रहते हैं। अलग अलग कुछ लड़कों का समूह बाईक पर बोतल व चखना रखकर शराबनोशी करते तो लंपट लड़के लड़कियां गलबहियां डाले बेसुध दिखाई देते हैं। पुलिस की पीसीआर वेन कभी कभी यहां से गुजर कर कर्तव्य का इतिश्री कर रही है। क्षेत्रवासियों ने बताया कि हर दो तीन दिन में गश्ती की जरुरत है, ताकि कोई अप्रिय घटना न हो और रहवासियों को बिगड़ैल लड़के लड़कियों की वजह से शर्मिंदगी न उठानी पड़े।

# महंगाई भत्ते की मांग को जल्द पूरा करने का दिया आश्वासन




हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ दुर्ग छत्तीसगढ़ के संभागीय पेंशनर सम्मेलन में मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल ने पेंशनरों और कर्मचारियों को महंगाई भत्ता एरियर सहित केन्द्र के देय तिथि से देने की मांग पर अपने विचार व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि अभी दिल्ली में आए थे तब मुख्यमंत्री के सामने रखा हूं, जादा दिन इसको उलझाइए मत, अपनी हसी मत उड़ाइए।अब कर्मचारी आंदोलन करेंगे मैं खुद उसमें शामिल होऊंगा। सम्भागीय पेंशनर सम्मेलन में अपने संबोधन में उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री से कहा मुझे घोषणा पत्र का जिम्मेदार संयोजक बनाया गया था इसे मोदी के गारंटी के रूप में लिया है।मोदी की गारंटी झूठी न हो, उस पर विश्वास बना रहे।इस पर तत्काल निर्णय लीजिए। धीरे धीरे आग सुलग रही है, कब विस्फोटक स्थिति हो जाएगा, मै नही जानता। उसमें मैं भी शामिल होऊंगा, बोल चुका हूं।

मुख्य अतिथि बघेल के उदबोधन के पूर्व भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ छत्तीसगढ़ प्रदेश के प्रांताध्यक्ष वीरेन्द्र नामदेव ने संभागीय पेंशनर सम्मेलन में मुख्यमंत्री और छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा महंगाई राहत भत्ता के मामले मोदी की गारंटी पर उपेक्षा का आरोप लगाया था और उनसे विधान सभा चुनाव में भाजपा के घोषणा पत्र कमेटी के संयोजक रहने के नाते मोदी गारंटी के तहत निर्णय लेने की मांग की । इस अवसर पर लोकनिर्माण विभाग दुर्ग के कांफ्रेस हाल में आयोजित संभागीय सम्मेलन में भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सी एच सुरेश केरल, राष्ट्रीय महामंत्री बी एस हाडा राजस्थान,संगठन मंत्री रविन्द्र पुरोहित महाराष्ट्र, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष द्रोपदी यादव, राष्ट्रीय मंत्री राधेश्याम पारेता, पी डी मुरलीधरन, पूरन सिंह पटेल, अनिल गोल्हानी, कार्यकारी प्रांताध्यक्ष जेपी मिश्रा, प्रदेश कोषाध्यक्ष बी एस दसमेर दुर्ग संभाग व जिले अध्यक्ष बी के वर्मा, पेंशनर नेता पं. आर जी बोहरे तथा राजनांदगांव के अध्यक्ष आई सी श्रीवास्तव, बालोद के अध्यक्ष डी आर गजेन्द्र, बेमेतरा के अध्यक्ष शेरसिंह के अलावा भारी संख्या में पेंशनर सम्मेलन में उपस्थित रहे।

■ पेंशनर्स महासंघ की संभाग स्तरीय बैठक हुई

# सरयूपारीण ब्राह्मण समाज का हुआ तीज मिलन कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

छत्तीसगढ़ी सरयूपारीण ब्राह्मण समाज में तीज मिलन का कार्यक्रम हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि प्राचार्या स्वरुपानंद कालेज डॉ हंसा शुक्ल और सरोज पांडे मौजूद थी। जिन्होंने समाज के प्रति महत्वपूर्ण बातें बताई और समाज को आगे बढ़ाने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम को संपन्न करने के लिए लक्ष्मी पांडे, कंचन जोशी, प्रीति शर्मा, प्रिया मिश्रा, अंजू द्विवेदी, गुंजा तिवारी, ज्योति तिवारी, सविता द्विवेदी का सहयोग रहा है। वृद्धा का भी कार्यक्रम में सम्मान किया गया। सम्मान में रुपमती शर्मा; संगीता पांडे, सविता पाठक, सरोजिनी मिश्रा, मनदा तिवारी, श्रीमती शांता शर्मा का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में तीज क्वीन वंदना शर्मा बनी।

# हिंदी के प्रगामी प्रयोग के लिए प्रयासरत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के वित्त एवं लेखा विभाग के सभागार में राजभाषा कार्यशाला और विभागीय स्तर पर आयोजित प्रतियोगिताओं का पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक डां. अशोक कुमार पण्डा, विशिष्ट अतिथि मुख्य महाप्रबंधक देबेन्द्र नाथ करन और मुख्य महाप्रबंधक प्रमोद कुमार चोखानी थे। डां. पण्डा ने कहा कि हिंदी के प्रगामी प्रयोग के प्रोत्साहन के लिए विभाग सतत प्रयासरत है। श्री करन ने कहा कि हिंदी में कार्यालयीन कार्य करना गर्व की अनुभूति देता है, हम हिंदी में शत-प्रतिशत कार्यालयीन कार्य सुनिश्चित करने विभागीय स्तर पर विभिन्न कार्यों में हिंदी की अनिवार्यता लागू कर रहे हैं । चोखानी ने कहा कि हिंदी को प्रोत्साहन तथा कार्यालयीन कामकाज में हिंदी का प्रयोग हमारा राष्ट्रीय दायित्व है। कार्यक्रम में उप महाप्रबंधक अमृता गंगराडे, रितेश जैन, अरुण कुमार बंसल, सहायक महाप्रबंक अविलाष प्रसाद पंसारी, प्रतीक देशलहरा, निलेश कुमार शुक्ला, वरिष्ठ प्रबंधक, आनंद कुमार तिवारी, उप प्रबंधक नेहा रानी तथा आयुशी पुरोहित, प्रबंधक प्रशिक्षु, पूजा सिंह, अनुभाग अधिकारी सुनील कुमार शर्मा आदि मौजूद थे।

■ वित्त और लेखा विभाग में राजभाषा कार्यशाला व पुरस्कार वितरण समारोह




### विजेताओं को मिला पुरस्कार

उप प्रबंधक जितेन्द्र दास मानिकपुरी ने राजभाषा के सांविधिक प्रावधानों की जानकारी दी । प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम निलेश कुमार शुक्ला, सहायक महाप्रबंधक (स्कंध सत्यापन), द्वितीय नेहा रानी, उप प्रबंधक व तृतीय अविलाष प्रसाद पंसारी, सहायक महाप्रबंधक रहे। विभागीय स्तर पर हिंदी में सराहनीय कार्य करने के लिये वरिष्ठ सहायक पी केशव राव, तथा अनुसूइया जांगड़े को पुरस्कृत किया गया। विभागीय स्तर पर आयोजित लेख प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार अमृता गंगराडे तथा द्वितीय पुरस्कार नीना को मिला।एजीएम स्मिता जैन ने विभागीय प्रतिवेदन पढ़ा।

### कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव धूमधाम से मनाया

**अंडा।** पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला विनायकपुर में कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। छोटे छोटे बच्चे कृष्ण -राधा की ड्रेस अप में सुन्दर नृत्य किया। सभी बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुति दी। साथ में बच्चों द्वारा मटका सजाओं प्रतियोगिता में भाग लिया। रंग बिरंगे मटका सजाया गया। साथ में गांव के शिव सेवा समिति द्वारा छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना न्योता भोजन का आयोजन किया गया था, जिसमें सभी बच्चों को सेवई खिलाया गया।इस कार्यक्रम में संकुल समन्वयक किशोर दिल्लीवार, मिडिल स्कूल के प्रधान पाठक संध्या शिवरामवर, पीएम श्री स्कूल के प्रधान पाठक टीकेन्द्र कुमार चन्द्राकर, विजेता सूर्यवंशी, चमेली ठाकुर आदि उपस्थित थे।



पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को
अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या
अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न
नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
7987328736, 7489348301

## बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने सौंपा ज्ञापन

# पीओपी की गणेश प्रतिमाएं बाजार में बिक रही, शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

प्लास्टर ऑफ पेरिस की प्रतिमाओं को लेकर बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने पुलिस अधीक्षक जितेंद्र शुक्ला से मुलाकात की। उन्होंने इसे लेकर ऐसे विक्रेताओं पर कार्रवाई की मांग की। साथ ही गणेशोत्सव की आड़ में फूहड़ता करने वाले लोगों पर तुरंत कार्रवाई किए जाने की ज्ञापन सौंपा।

मंगलवार को कार्यकर्ता एसपी कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने पुलिस अधीक्षक से चर्चा की। कार्यकर्ताओं ने कहा कि समितियों द्वारा सांस्कृतिक नियमों का उल्लंघन किया जाता है। गणेश चतुर्थी पर्व को मनोरंजन का साधन बना दिया जाता है, इस पर अंकुश लगाना आवश्यक है। कार्यकर्ताओं ने कहा कि प्लास्टर पेरिस के गणेश भगवान का निर्माण कर क्रय, विक्रय हो रहा है, जो हमारी संस्कृति के विरुद्ध है। इससे पर्यावरण को भी नुकसान पहुंचता है।

कार्यकर्ताओं ने कहा कि देखने में आता है कि गणेशोत्सव के दौरान तेज ध्वनि के साथ अश्लील गाने बजाए जाते हैं। इससे हिंदू धार्मिक भावनाएं आहत होती हैं। विसर्जन के दौरान नशीले पदार्थ का सेवन करके अभद्रता करने वालों पर भी कार्रवाई करनी आवश्यक है। ज्ञापन सौंपने वालों में संयोजक रवि निगम, जिला उपाध्यक्ष कमल साव, जिला संयोजक रवि भारती, ईश्वर गुप्ता, जनार्दन पांडेय, प्रफुल्ल पटेल, प्रदीप सिंह, विशाल ताम्रकार, ऋतिक सोनी, धनेश डोमन सहित अन्य शामिल थे।



# निरीक्षक और उप निरीक्षकों का किया गया तबादला

**भिलाई।** एसपी जितेन्द्र शुक्ला ने 6 निरीक्षक, एक उपनिरीक्षक, 12 सहायक उपनिरीक्षको का तबादला आदेश देर रात जारी किया है। जिसमें निरीक्षक राजेश साहू जेवरा से भठ्ठी, अंबिका प्रसाद ध्रुव जामगांव आर से पदमनाभपुर, अंबर सिंह भरतद्वाज पदमनाभपुर से खुर्सीपार, प्रशांत मिश्रा भठ्ठी से भिलाई नगर, राज कुमार लहरे जामगांव आर,वंदिता पानिकर स्मृति नगर, उपनिरीक्षक पुरषोत्तम कुर्रे जेवरा सिरसा और पुलिस लाइन में पदस्थ सउनि प्रदीप तिवारी सुपेला , राम कृष्ण तिवारी थाना दुर्ग, विजय कुमार देशमुख डीसीआरबी , प्रेमचंद यादव, अजय शंकर अविनाशी, राघवेन्द्र सिंह सुपेला, इतवारी डेहरे, दिनेश सिंग छावनी, झूमूक लाल ठाकुर मोहन नगर, ताल सिंह साहू, शमित मिश्रा भिलाई नगर, सुधाकर शर्मा रानीतराई का तबादला किया गया है। इसके अलावा 273 पुलिस आरक्षकों को थानो में भेजा गया है।






हरिभूमि लाइव
रायपुर, बुधवार 4 सितंबर 2024
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
0788- 4091720, Message at - 9755819129

04



बर्फीली वादियों में...

## लाइव इवेंट

### अर्थी निकालने के पहले जीवन का अर्थ समझ लीजिए : सुमंगल प्रभा



**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ सामायिक पाप को छोड़ने की प्रतिज्ञा है। पाप को कभी छोटा नहीं समझना चाहिए। सामायिक साधना आत्मशुद्धि की साधना है। दो धर्म है- समता और विषमता। समता आत्मा का स्वभाव है और विषमता आत्मा का विभाव। क्रोध करना विषमता है, मन को शांत रखना है। समता एवं समत्व योग की साधना को ही सामायिक कहा जाता है। जहां समभाव है, वहां साधना है। जय आनंद मधुकर रतन भवन बांधा तालाब दुर्ग में आज धर्म सभा सामाजिक सर्व सुखदात्री विषय पर केंद्रित था। साध्वी श्री ने समय के अनगिनत फायदे बताते हुए धर्मसभा में कहा सामायिक साधना जीवन की परम आवश्यक साधना है। सामायिक साधना के बिना जीवन की कोई भी साधना सार्थक नहीं हो सकती। इसीलिए परमात्मा ने सारी साधनाओं से महत्वपूर्ण पूर्ण भगर, कोई साधना है तो वो सामायिक की साधना है। पर्यूषण पर्व के तीसरे दिन साध्वी सु मंगल प्रभा ने धर्मसभा में अपनी बात रखी। साध्वी सुवृद्धि श्री जी एवं साध्वी रजत प्रभा ने कहा कि सामायिक साधु जीवन का एक सैंपल है। सामायिक 48 मिनिट की साधना है। 48 से आधा करो 24 से 24 तीर्थकरों का वरदहस्त हमारे ऊपर बना रहे। सामायिक करने से चार प्रकार के धर्म का पालन होता है। दान, शील तप और भावना। दान यानी अभयदान, शील यानी उसका पालन करना, तप यानी चारों प्रकार के आहार का व्याग। भावना यानी भावों के साथ सामायिक करना हमारे जीवन का उद्देश्य होना चाहिए

#### धार्मिक क्वीज टाइम प्रतियोगिता

श्रमण संघ महिला मंडल के द्वारा मंगलवार को दोपहर के समय धार्मिक क्वीज टाइम प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। इसमें रेणुका गोलछा, चंदा रनवाल एवं माया सुराणा का ग्रुप प्रथम रहा। द्वितीय स्थान पर पुष्पा भंडारी, वेदिका सुराणा, राखी पारख रहीं। तीसरे स्थान पर भारती पारख, अरुण गोलछा, पूजा दुग्गड़ रहीं।

## सिटी इवेंट

### एनएसएस व्यक्तित्व विकास की पाठशाला : डॉ. पल्टा



**भिलाई।** हेमचंद यादव विवि द्वारा एक दिवसीय एनएसएस कार्यक्रम अधिकारियों की कार्यशाला का आयोजन महिला महाविद्यालय में किया गया। इसमें हेमचंद यादव विवि दुर्ग के 7 जिले से कार्यक्रम अधिकारी शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप से यूनिवर्सिटी की कुलपति डॉ. अरुणा पलटा प्रमुख रूप से शामिल हुईं। उन्होंने कहा कि वास्तव में राष्ट्रीय सेवा योजना व्यक्तित्व विकास की पाठशाला होती है। इसमें सम्पूर्ण व्यक्तित्व का विकास होता है। इसी प्रकार उन्होंने छात्र-छात्राओं में नैतिक मूल्यों की शिक्षा के लिए एनएसएस को बहुत अच्छा जरिया बताया। बिना नैतिक मूल्यों के 90 प्रतिशत ले आना भी कोई मायने नहीं रखता। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. नीता वाजपेई ने उनके कर्तव्यों एवं दायित्व के बारे मे बताया। उन्होंने 7 सी करेज यानी साहस, कंसन यानी सजग रहना, कलेक्टिव यानी समन्वय, कमटेंपरेरी यानी समकालीनता, क्रिएटिविटी यानी रचनात्मक, कॉन्सिस यानी संवेदनशीलता के बारे में जानकारी दी।

#### एनएसएस के बारे में विस्तार से चर्चा, खर्चों की भी दी जानकारी

समन्वयक डॉ. आरपी अग्रवाल ने कार्यक्रम की रुपरेखा के बारे में बताया। शिविर में होने वाली आय- व्यय की जानकारी दी। जिला संगठक जनेंद्र कुमार दीवान ने राष्ट्रीय सेवा योजना की पृष्ठभूमि के बारे में जानकारी दी। बालोद जिला संगठक डॉ लीना साहू ने नियमित गतिविधि पर विस्तृत जानकारी दी। कबीरधाम जिले के जिला संगठक डॉ. एस के परिहार ने सात दिवसीय विशेष शिविर के बारे में सभी कार्यक्रम अधिकारियों को बताया। माय भारत पोर्टल के विषय पर डॉ. उमेश पाठक ने जानकारी दी। इस अवसर पर कुलसचिव भूपेंद्र कुलदीप, डॉ. राजमणि पटेल, कॉलेज की प्राचार्या डॉ. संध्या मदन मोहन मौजूद थीं।

### प्रशांत पर्वतानेनी को स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी में पीएचडी के लिए मिला प्रवेश



**भिलाई।** भिलाई के प्रशांत पर्वतानेनी ने अमेरिका के प्रतिष्ठित स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय कैलिफोर्निया के कला और कला इतिहास विभाग में डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी (पीएचडी) प्रवेश प्राप्त किया है। वे सितंबर 2024 में स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय में प्रवेश करेंगे। प्रशांत ने अपने रहने और शोध के खर्चों को कवर करने के लिए विश्वविद्यालय द्वारा प्रस्तावित पांच वर्षों के लिए पूर्ण वित्त पोषण भी प्राप्त किया है। उन्हें ट्यूशन फीस की पूरी छूट के साथ-साथ 51600 का वार्षिक स्कॉलरशिप भी प्रदान किया गया है। प्रशांत को 'पेनसिल्वेनिया विश्वविद्यालय' से भी प्रवेश का प्रस्ताव मिला था, लेकिन उन्होंने डॉक्टरेट की पढ़ाई के लिए स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय को चुना। प्रशांत, बोकारो स्टील प्लांट के आरसीएल विभाग में महाप्रबंधक के रूप में कार्यरत पीएस राहुल तथा पीएस भारती के पुत्र हैं। ट्रेड यूनियन लीडर एनएन राव के नाती हैं। प्रशांत ने बीएसपी सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर 10 से अपनी स्कूली शिक्षा पूरी की है।

● शिक्षक सम्मान समारोह में शामिल हुए राज्यपाल रमेश डेका और उपमुख्यमंत्री अरुण साव

# शिक्षक की भूमिका सिर्फ ज्ञान तक सीमित नहीं, नैतिक मूल्यों और समाज की जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक करना भी : डेका

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेश डेका मंगलवार को भिलाई में थे। वे होटल इम्पिरियन पुष्पक नगर में आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह में शामिल हुए। उनके अलावा आयोजन में उप मुख्यमंत्री अरुण साव, वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन प्रमुख रूप से मौजूद थे। इस अवसर पर वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले विद्यालयों के 24 उत्कृष्ट शिक्षकों को सम्मानित किया गया। राज्यपाल डेका ने इस अवसर पर कहा कि विद्यार्थियों के लिए मातृभाषा का ज्ञान भी जरूरी है। इस दिशा में भी प्रयास होने चाहिए।




#### पौराणिक काल से शिक्षकों का सम्मान

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि पौराणिक काल से समाज में शिक्षकों का सम्मान हैं। विद्यार्थियों को सही ज्ञान प्रदान कर राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने शिक्षकों से वर्तमान परिवेश में विद्यार्थियों की भावनाओं को समझकर विद्यार्थियों में आत्म-विश्वास जागृत करने हरसंभव प्रयास करने का आग्रह किया। वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक रिकेश सेन ने अपने स्वागत उद्बोधन में आयोजन के उद्देश्यों पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। इस अवसर पर संभाग आयुक्त एसएन राठौर, आईजी आरजी गर्ग, कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी, एसपी जितेन्द्र शुक्ला, जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा सहित बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।



**भिलाई।** भारत के भूतपूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिवस 5 सितंबर के पहले मंगलवार को वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। राज्यपाल रमेन डेका ने अपने करकमलों से शिक्षकों को शॉल, श्रीफल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। समारोह डेका ने कहा कि शिक्षक सम्मान समारोह में उपस्थित होना मेरे लिये एक अद्वितीय अनुभव है। शिक्षक की भूमिका अब सिर्फ ज्ञान देने तक सीमित नहीं है। विद्यार्थियों को नैतिक मूल्यों और समाज की जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक भी बनाना जरूरी है। राज्यपाल ने कहा कि यह गर्व की बात है कि शिक्षकों के मेहनत और समर्पण के कारण राज्य में शिक्षा का स्तर निरंतर ऊंचा हो रहा है। आप सभी ने जिस प्रकार से अब तक विद्यार्थियों को शिक्षित और सशक्त बनाया है, उसी समर्पण और निष्ठा से आगे भी अपने कर्तव्यों का पालन करें। आप केवल शिक्षा ही नहीं दे रहे हैं, बल्कि विद्याथियों को एक बेहतर नागरिक बनाने की दिशा में भी अग्रसर कर रहे हैं। शिक्षकों का योगदान समाज के निर्माण में अत्यंत महत्वपूर्ण है। राज्यपाल ने कहा कि यह जरूरी नहीं है कि अंग्रेजी भाषा में पढ़ने वाले ही अच्छे विद्यार्थी हो, विद्यार्थी के लिए मातृभाषा का ज्ञान भी जरूरी है। राज्यपाल ने सम्मान समारोह में सम्मानित सभी शिक्षकों को बधाई दी। समारोह में पूर्व मंत्री श्रीमती रमशीला साहू भी मौजूद थीं।



# ट्विनसिटी के राइडर्स ने ढूंढा गजपल्ला वॉटर फॉल ट्रैकिंग के साथ प्राकृतिक नजारों का उठाया लुत्फ

**दुर्ग।** यूथ हॉस्टल्स एसोसिएशन ऑफ इण्डिया भिलाई और धमतरी के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय मानसून एडवेंचर बाइक ट्रैकिंग का आयोजन गजपल्ला वॉटर फॉल गरियाबंद में किया गया। अल्पज्ञात, अचर्चित, अपरिचित इस खूबसूरत रोमांचक जगह पर दुर्ग, भिलाई, रायपुर, धमतरी एवं राजनांदगांव से बाइक राइडर्स पहुंचे। उन्होंने ट्रैकिंग और वॉटर फॉल का जमकर लुत्फ उठाया। भिलाई के के. सुब्रमण्यम ने बताया कि इसमें 65 सदस्यों ने भाग लिया। गरियाबंद जिले में स्थित गजपल्ला वॉटर फॉल रोमांच और सौन्दर्य प्रेमियों के लिए बेहद खूबसूरत जगह है। ऋषिकान्त तिवारी ने बताया कि जीरो प्वाइंट रामबाग धमतरी में संस्था के वरिष्ठ सदस्य डॉ. एएन दीक्षित, हुकुमचंद जैन एवं रमेशदेव ने हमें विदा किया। सचिव सुबोध देवांगन ने बताया कि धमतरी से केरेगांव, पालवाड़ी, सिरपुर, मोहेरा, बारूका होते हुए बाइकर्स 140 किमी दूर पहुंचे। मुख्य मार्ग से दस किमी अन्दर जंगल का मार्ग बहुत ही रोमांचक जोखिम भरा रहा।



#### गजपल्ला में पर्यटन की अपार संभावनाएं खूबसूरत दृश्य ने मनमोहा

हरदेव सिंह गिल, मनजीत कौर गिल एवं हरीशरणजीत कौर ने बताया कि छत्तीसगढ़ में ही हमारे आसपास प्राकृतिक पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। गजपल्ला उसमें से एक है। कोलाहल और प्रदूषण से मुक्त यह एक आदर्श स्थान है। हरी-भरी वादियों में कल कल करती जलप्रपात में नहाने से कोई अपने आप को रोक नहीं पाया। संजय साहू एवं सुलेखा साहू ने बताया कि कार्यक्रम का समापन शाम को हाई टी से हुआ। इस दौरान त्रिलोक चन्द्राकर, दिनेश चन्द्राकर, प्रिया जांगड़े, हिमांशु कुर्रे, किशोर छबलानी, करणसिंह पानेसर, सुखजीत सिंह पानेसर, जसमीत सिंह पानेसर सहित अन्य मौजूद थे।

# सांस्कृतिक भवन वैशालीनगर में मुकेश नाइट्स आज

**भिलाई।** तथागत म्यूजिकल ग्रुप द्वारा विख्यात पार्श्व गायक दिवंगत मुकेश चंद्र माथुर की 48 वी पुण्य तिथि पर 4 सितम्बर को मुकेश नाईट का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम सांस्कृतिक भवन वैशालीनगर में होगा। आयोजक में प्रमुख रूप से भिलाई निगम के वार्ड-14 से पार्षद अभिषेक मिश्रा प्रमुख रूप से मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता तथागत म्यूजिकल ग्रुप के अध्यक्ष अनिल साखरे करेंगे। इस अवसर पर संस्था के प्रमुख सलाहकार अशोक धवले, भारतीय बौद्ध महासभा की अध्यक्ष सविता मेश्राम मौजूद रहेंगी। साखरे ने बताया कि आयोजन में स्थानीय कलाकारों द्वारा मुकेश द्वारा गाए गीतों की प्रस्तुति दी जाएगी। आप सभी संगीत प्रेमियों से अनुरोध है कि विख्यात



पार्श्व गायक दिवंगत मुकेश चंद्र माथुर की 48 वी पुण्य तिथि के अवसर पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने आयोजन में जरूर पहुंचे। कार्यक्रम बुधवार की शाम करीब 6 बजे शुरू होगा। आयोजन सांस्कृतिक भवन, भगत सिंह चौक के पास वैशाली नगर में रखा गया है।

रुंगटा आर-1 ग्रुप ऑफ कॉलेज में ईएसआईसी भिलाई हॉस्पिटल ने लगाया हेल्थ कैम्प

# मीठी चीजें खाने से नहीं होती डायबिटीज, मेंटल स्टेस और जंक फूड से ज्यादा खतरा : डॉ. जाधव

कार्नर न्यूज



**भिलाई।** जंक फूड, अनियमित दिनचर्या और तनाव ने मधुमेय यानी डायबिटीज के मरीजों की संख्या बढ़ा दी है। पहले तक यह बीमारी 40 वर्ष के बाद हुआ करती थी, लेकिन अब इसके लिए कोई आयु सीमा तय नहीं है। मंगलवार को रूंगटा आर-1 ग्रुप ऑफ कॉलेज और कर्मचारी राज्य बीमा निगम अस्पताल भिलाई के संयुक्त तत्वावधान में हुए मेगा हेल्थ चेकअप कैंप के दौरान नोडल ऑफिसर डॉ. सुकेशनी जाधव ने उक्त बातें कहीं। इस कैंप में कॉलेज के 180 से अधिक ईएसआईसी प्राप्त कर्मचारियों का फ्री चेकअप किया गया। इस दौरान कर्मचारियों में ब्लड प्रेशर के बाद सबसे अधिक केस शुगर के मिले। इसके मद्देनजर डॉ. सुकेशनी ने कहा कि वर्तमान दौर में युवाओं में डायबिटीज टाइप-1 के मामलों में बढ़ोतरी हुई है। शुगर की बीमारी से ग्रसित व्यक्ति यदि थोड़ी सावधानियां बरते तो इससे तबीयत हमेशा बेहतर रह सकती है। शिविर के दौरान मरीजों को दवाइयां भी वितरित की गईं। कार्यक्रम में रूंगटा ग्रुप के चेयरमैन संतोष रूंगटा, डायरेक्टर डॉ. सौरभ



रूंगटा, सीनियर मैनेजर एचआर सुमित भल्ला, एग्जीक्यूटिव श्यामजीत दुबे और रूपा गुप्ता मौजूद रहे। सभी ने ईएसआईसी कैंप के दौरान मरीजों का हालचाल जाना। कैंप में शुगर, त्वचा रोग, दंत चिकित्सा और नेत्ररोग जैसे विभिन्न बीमारियों के एक्सपर्ट डॉक्टर शामिल रहे और उन्होंने मरीजों को परामर्श दिया।

#### तनाव को त्यागना होगा, तभी इस बीमारी से मुक्ति

विशेषज्ञ डॉ. सुकेशना का कहना है कि दुर्ग सहित छत्तीसगढ़ में अनुवांशिक रूप से डायबिटीज के मरीज कम हैं। अधिकांश मरीज खराब दिनचर्या व भोजन की गुणवत्ता के कारण मधुमेय से प्रभावित होते हैं। ईएसआईसी की मेडिकल ऑफिसर शहनाज वीसी ने बताया कि डायबिटीज की बीमारी अलग-अलग लोगों में अलग -अलग तरह से हो सकती है। डायबिटीज स्थायी और अस्थायी दोनों तरह की हो सकती है। कैंप के दौरान आई स्पेशिलिस्ट डॉ. सुकुमारी साहू, गायनाकोलॉजिस्ट डॉ. कीर्ति भंडारी, डेंटिस्ट डॉ. सुनील नायक और जूनियर रेसीडेंस डॉ. श्रीहरिणी मौजूद रहे।

#### क्या है मधुमेह के दुष्प्रभाव

डायबिटीज अनियंत्रित रहने पर ब्लड में शुगर अधिक बढ़ जाता है। इसका गंभीर असर रक्त धमनियों, आंखों और किडनी के अलावा शरीर के जोड़ों और हड्डियों पर पड़ता है। मधुमेह को अनियंत्रित छोड़ देने से पैरों में अल्सर और संक्रमण के अलावा डायबिटिक फुट की समस्या हो सकती है। इसमें पैरों को काटने तक की नौबत आ सकती है। इसके अलावा ओस्टियोपोरोसिस और ऑर्थराइटिस की समस्याभी बढ़ सकती है।

#### लगातार पेशाब होना, प्यास लगाना डायबिटीज के लक्षण

प्यास अधिक लगना, लगातार पेशाब आना, अत्यधिक भूख लगना, बिना वजह शरीर का वजन घटना, पेशाब में किटोन की उपस्थिति, लगातार थकान का होना, चिड़चिड़ापन का होना। इससे बचाव के लिए सबसे पहले जंक फूड का सेवन कम करें। रोजाना 5 किलोमीटर तक पैदल सैर करें। रोजाना 30 मिनट एक्सरसाइज करें। स्ट्रेस यानी तनाव को दूर रखें। पैरेंट्स को डायबिटीज है तो बच्चों में भी संभावना होती है।

सिटी इवेंट

## क्राइम सीन इन्वेस्टिगेशन पर बनाई रंगोली, हुई चर्चा



**भिलाई।** भारती विश्वविद्यालय दुर्ग के फॉरेंसिक साइंस और विधि विभाग के संयुक्त तत्वावधान में अपराध स्थल अन्वेषण विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में बतौर मुख्य अतिथि वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी क्राइम सीन यूनिट, दुर्ग के डॉ मोहन पटेल ने फांसी के मामलों पर अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने जटिल मामलों को सुलझाने के लिए उपयोग की जाने वाली विधियों पर विस्तृत चर्चा की। डॉ. पटेल ने बताया कि अपराध स्थल की सही पहचान और सबूतों का सटीक विश्लेषण बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने अपनी प्रस्तुति में केस सुलझाने के विभिन्न तकनीकी और प्रायोगिक पहलुओं को साझा किया, जिससे प्रतिभागी विद्यार्थियों को इस क्षेत्र में नई जानकारी और दृष्टिकोण प्राप्त हुआ। डीन छात्र कल्याण विभाग डॉ. स्वाती पाण्डेय ने कार्यक्रम के लिए फॉरेंसिक साइंस और विधि विभाग के प्राध्यापकों को शुभकामनाएं दी।

■ अपराध स्थल अन्वेषण विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

### समाज में फोरेंसिक विज्ञान विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका

इस अवसर पर फॉरेंसिक विज्ञान विभाग के छात्रों ने अम्लीय हमले(ऐसीड अटैक) पर विचारात्मक नृत्य और अपराध स्थल पर नाटक प्रस्तुत किया। इस दौरान क्राइम सीन इन्वेस्टिगेशन की थीम पर रंगोली प्रतियोगिता भी आयोजित की गई थी। प्रतियोगिता में निर्णायक डॉ. मोहन पटेल और डीन अकादमिक डॉ. आलोक भट्ट थे। डॉ. आलोक भट्ट ने बताया कि फोरेंसिक विज्ञान विभाग समाज में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कार्यक्रम का आयोजन विभागाध्यक्ष फॉरेंसिक साइंस विभाग निशा पटेल और डॉ. निमिषा मिश्रा द्वारा किया गया। जिसमें जयंत बारीक, श्वेता सिंह, सूरज मुदुली, समीक्षा नैयर, प्राची, आस्था चतुर्वेदी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम में राजेन्द्र जी, डॉ प्रतिभा कुरूप, प्रो स्वाति पाण्डेय, डॉ शोभा सिंह, संपदा बैस, पूजा ठाकुर सहित विभिन्न विभागों के प्राध्यापकगण और विद्यार्थी उपस्थित थे।

धर्म इवेंट

## कलश यात्रा के साथ प्रारंभ होगा स्वर्ण जयंती महोत्सव



**दुर्ग।** भगवान द्वारकाधीश के अवतार बाबा रामदेव मंदिर का स्वर्ण जयंती महोत्सव (50वां वर्ष) एवं बाबा रामदेव का जन्मोत्सव 4 सितंबर से शुरू हो रहा है। 15 सितंबर तक चलने वाले इस आयोजन को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई है। पहले दिन 4 सितंबर को दोपहर 3 बजे सीताराम मन्दिर गांधी चौक से भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। सकल समाज की महिलाओं द्वारा कलश यात्रा की तैयारी पूर्ण कर ली गई है। कलश यात्रा में सभी समाज की महिलाएं सैकड़ों की संख्या में कलश उठा रही है। कलश यात्रा दोपहर 3 बजे श्री राम मंदिर गांधी चौक से प्रारंभ होगी। यह सदर बाजार, मोती काम्प्लेक्स, पुराना बस स्टैंड, तहसील आफिस चौक, भाजपा कार्यालय के सामने से शनिचरी बाजार से सत्तीचौरा होते हुए श्री बाबा रामदेव मंदिर गंजपारा पहुंचेगी। इसके बाद ध्वजारोहण और बाबा रामदेव की महाआरती की जाएगी। रात्रि 8.30 बजे से श्री बाबा रामदेवजी की संगीत मय अमृत कथा का प्रारंभ गणेश पूजा से प्रारंभ होगा, जिसमें बाबा रामदेव की कथा में हरजी भाटी का पर्चा का वरण किया जाएगा। बाबा रामदेव जी की संगीतमय अमृत कथा प्रसिद्ध कथा वाचक देव शास्त्री वृन्दावन के श्रीमुख से की जाएगी। जिसमें श्री बाबा रामदेव जी से जुड़ी समस्त कथाओं का वर्णन सुन्दर एवम मधुर भजनों के साथ किया जाएगा।

समाज इवेंट

## 75 कदम के पौधे लगाकर सुरक्षित रखने लगाया ट्री गार्ड



**भिलाई।** भिलाई शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने का संकल्प लेकर पर्यावरण मित्र मंडल भिलाई के सदस्यों ने सेक्टर 1 मुर्गा चौक से लेकर सेक्टर 9 तक सेंट्रल एवेन्यू के दोनों तरफ खाली जगहों में कदम के 75 पौधे लगाएं। इसके साथ ही पौधों को सुरक्षित कर ट्री गार्ड (सुरक्षा घेरा) भी लगाया गया। यह पौधरोपण कार्य लगभग एक सप्ताह से लगातार सुबह 6.30 से 8.30 बजे तक पर्यावरण मित्रों द्वारा भिलाई को हरा भरा बनाने की दृष्टी से किया जा रहा है। इस वृहद अभियान में बालूराम वर्मा, डी.पी. चौधरी, मनोज चौबे, संजय महाजन, अरूप राय, सियाराम कश्यप, कैलाश जोशी, देव सिंह साहू, लखन लाल मलागर, मारूति बल, डाकेश्वर वर्मा, जीवनलाल पैकरा, प्रफूल्ल कलस्कर, जीपी त्रिपाठी, सौरभ चंद्राकर, भागवत साहू, चंद्रशेखर सिंह एवं दिपेश वर्मा सहित अन्य पर्यावरण प्रेमी सहयोग कर रहे है। इसी कड़ी में सेक्टर 8 फ्रेंड्स लाइब्रेरी के एक साल पूर्ण होने पर विद्यार्थियों द्वारा पर्यावरण मित्र मंडल के साथ मिलकर एक पौधा मां के नाम के अंतर्गत पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान दिया।

● ट्विनसिटी में जोर-शोर से चल रही है गणेश पूजा की तैयारी, पंडाल देंगे जागरुकता का संदेश

# से.10 में विराजेंगे तुलसी बाग पुणे के गणपति, से.7 में मायाजाल को पार कर होंगे अष्टविनायक के दर्शन

**भिलाई।** कुछ दिनों बाद से ही ट्विनसिटी में गणेश पूजा की धूम मचने वाली है। जिसके लिए सभी छोटे-बड़े गणेश पूजा पंडाल समिति व संस्थाएं जोर-शोर से अपनी तैयारी को भव्य रुप देने दिन-रात लगे हुए है।

गणेश चतुर्थी के समीप आते ही एक- दो दिन में आयोजनकर्ताओं द्वारा बड़ी गणेश प्रतिमाओं को अपने पंडाल में लाने का दौरा भी प्रारंभ हो जाएगा। गणेश पूजा महोत्सव का आयोजन भिलाई के विभिन्न स्थानों में भव्य रुप से किया जाएगा। जिसमें से शिव मानस गणेश उत्सव समिति सेक्टर 10 में बीएचयू के संस्थापक मदन मोहन मालवीय द्वारा कैंपस में बनाए गए काशी विश्वनाथ मंदिर की लगभग 75 फीट से अधिक ऊंचा पंडाल की झांकी के साथ ही पूणे के तुलसी बाग गणपति की मूर्ति लोगो के आकर्षण का केंद्र रहेगी। जहां प्रतिदिन प्रसाद का वितरण समिति दवरा किया जाएगा।

**एक-दो दिनों बाद भव्य गणेश प्रतिमाओं को लाने का दौर हो जाएगा प्रारंभ**





### हर साल यूनिक थीम पर बनाते है झांकी

समिति के महासचिव प्रदीप दलई व कोषाध्यक्ष प्रमोद यादव ने आयोजन के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि समिति द्वारा आयोजन का इस बार 32वां वर्ष है। समिति हर साल भिलाई वासियों को कुछ नया देने के लिए विशेष थीम पर कार्य करती है। जिसमें देश के ऐसे मंदिर या प्रातीनतम स्थान जिसके बारे में कम लोग जानते हो और ऐतिहासिक भी हो,, जो ज्यादा पापुलर न होकर अपने क्षेत्र में विशेष पहचान रखता हो। इस उद्देश्य से प्रतिवर्ष विशेष गणेश प्रतिमा व पंडाल बनाएं जाते है। इसी कड़ी में इस वर्ष लोगो को पंडाल के भीतर आते ही बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी (बीएचयू) कैंपस के भीतर संस्थापक मदन मोहन मालवीय द्वारा बनवाये गए काशी विश्वनाथ मंदिर की भव्यता वाली झांकी व पुणे के तुलसी बाग गणपति के रुप में बने गणपति के दर्शन होंगे। बीएचयू के परिसर में बने इस मंदिर की ऊंचाई कुतुबमीनार से भी ऊंची है, इसलिए आयोजकों दवरा गणेश पंडाल को भी 75 फीट से ऊंचा बनाया जा रहा है जो झंडा आदि लगने के बाद लगभग 80 फीट से ऊंची हो जाएगी, जो ट्विनसिटी का सबसे ऊंचे पंडाल होगा। पंडाल के भीतर जहां रंगबिरंगी लाईट से आंखों को सुकुन मिलेगा वहीं नेट, फाइबर व फोम से कारीगरों की कलात्मकता व पंडाल की सजावट लोगो को आकर्षित करेगी।

### पुणे के तुलसी बाग गणपति करेंगे आकर्षित

सेक्टर 10 गणेश पंडाल में इस बार 13 फीट की भव्य गणेश प्रतिमा सुपेला बघुआ मंदिर के पीछे मूर्तिकार जीतू आर्ट्स द्वारा बनाई गई है। तुलसीबाग गणपति के रुप में बनी प्रतिमा का विशेष श्रृंगार लोगो को अपनी ओर आकर्षित करेगा। आयोजकों ने बताया कि पुणे के तुलसी बाग गणपति विशेष श्रृंगार के लिए प्रसिद्ध है। इसलिए इस बार तुलसी बाग के गणेश रुप की प्रतिमा पंडाल में विराजित की जाएगी। जिसे मूर्तिकार जीतू दवरा मलमल के वस्त्रों, मोती व कुंदन से जड़ित आभूषणों से सजाया जा रहा है। जिसके ऊपर चांदी का छत्र शोभायमान रहेगा। प्रतिदिन गणपति का विशेष श्रृंगार कर विशेष फूलों की पहनाई जाएगी।

### रंगबिरंगी लाइटों से जगमगाएगा पंडाल

प्रमोद ने बताया कि भिलाईयांस को अपने देश के ऐतिहासिक मंदिरों व उसकी खूबियों से अवगत कराने बीएचयू के संस्थापकों आदि की तस्वीरों को जगमग लाईट से सजाया जाएगा, साथ ही श्रद्धालुओं की सुरक्षा का भी विशेष ध्यान रखते हुए सीसीटीवी की व्यवस्था भी की जा रही है।

### पंडाल में दिखेगा परंपरा और आधुनिकता का संगम

युवा खेल एवं सांस्कृतिक मंडल भिलाई द्वारा गणेश पूजा का धार्मिक और सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन सेक्टर 7 हाईस्कूल दशहरा मैदान में किया जाएगा। जिसमें दक्षिण भारतीय शैली में गणपति प्रतिमा विराजित की जाएगी साथ ही यहां का भव्य पंडाल मायाजाल की थीम पर सजाया गया है जो लोगो को आकर्षित करेगा। यह पंडाल परंपरा और आधुनिकता का संगम प्रस्तुत करेगा।

**पंडाल में दिखेगा परंपरा और आधुनिकता का संगम**





### प्रतियोगिता में जीतेंगे ईनाम

समिति के अध्यक्ष चिन्ना केशवलू ने बताया कि गणेश स्थापना के बाद दूसरे दिन से प्रतिदिन आयोजन स्थल पर गरबा और डांडिया रास का आयोजन होगा, जिसमें लोग संगीत की धुन पर थिरकते नजर आएंगे। जिसमें विजेताओं को प्रतिदिन पुरस्कृत किया जाएगा। इसके अलावा मेले में ड्रैगन झूला, नाव झूला और विशाल झूलों के साथ फूड स्टाल्स लोगो को रोमांचित करेगा। चिन्ना ने बताया कि आयोजन में प्रशासन द्वारा जारी किए गए गाइड लाइन का पालन करते हुए आयोजन स्थल के पास ही स्कूल ग्राउंड में गाड़ी पार्किंग व्यवस्था की जायेगी। आयोजन में चन्ना केशवलू, जी.अमर, सुदीपधर दीवान, रविन्द्र सिंह, के वेंकटेश, सौरव गांगुली, नितिन साहू, ब्रह्मा नायडू, बी पद्मनाभन सहित समिति के सदस्य तैयारी में लगे हुए है।

## भारतीय बौद्ध महासभा ने साल भर के कार्यों का दिया ब्यौरा, आगामी आयोजनों पर की चर्चा



**भिलाई।** भारतीय बौद्ध महासभा भिलाई पं क्र 1119 की वार्षिक आमसभा की बैठक बाबासाहेब डॉ अंबेडकर सांस्कृतिक भवन सेक्टर 6 भिलाई में संपन्न हुई। आमसभा की शुरुआत संस्था के अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों द्वारा भगवान गौतम बुद्ध और डॉ अंबेडकर के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्ज्वलित व सामुहिक वंदना कर की गई। अध्यक्ष सविता मेश्राम ने अपने उद्बोधन में संस्था में वर्ष भर हुई गतिविधियों के बारे में बताया। महासचिव रामराव ढोक ने प्रतिवेदन पढ़कर सुनाया, जिसमें संस्था में वर्ष भर हुये कार्यों और सामाजिक, धार्मिक गतिविधियों के बारे में बताया। कोषाध्यक्ष भागवत बागड़े ने वर्ष आडिट रिपोर्ट प्रस्तुत की। सदस्यों के द्वारा सवाल पुछे गये और संस्था के विकास के लिए बातें रखकर अपने अपने सुझाव दिये। जिसको पदाधिकारियों ने कार्यकारिणी की बैठक में रखकर पारित किए जाने की बातें कही। सभा का संचालन महासचिव रामराव ढोक ने किया और आभार प्रदर्शन उपाध्यक्ष विनोद वासनिक नें किया। इस अवसर पर सविता मेश्राम, उपाध्यक्ष विनोद वासनिक, महासचिव रामराव ढोक, कोषाध्यक्ष भागवत बागड़े, सचिव धरमपाल गजभिये, पदाधिकारी, कार्यकारी सदस्य, महिला प्रकोष्ठ, युवा प्रकोष्ठ, सलाहकार मंडल और समान्य सदस्य उपस्थित थे।

## शिक्षक दिवस पर कल बीएसपी करेगी शिक्षकों को सम्मानित



**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के शिक्षा विभाग द्वारा 5 सितम्बर को भिलाई निवास के बहुउद्देशीय सभागार में शाम 5 बजे से शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन किया जाएगा। 5 सितंबर को शिक्षाविद डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म दिवस को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। शिक्षक दिवस समारोह में मुख्य अतिथि संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता उपस्थित रहेंगे।आयोजकों ने बताया कि शिक्षकों के योगदान को सम्मानित करने के लिए इस दिन को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। हमारे जीवन में शिक्षकों का महत्व केवल पढ़ाई तक सीमित नहीं है। वे हमारे जीवन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और हमें अच्छा इंसान बनने में मदद करते हैं। शिक्षक दिवस हमें यह अवसर प्रदान करता है कि हम अपने शिक्षकों का आभार व्यक्त कर सकें और उनके द्वारा दिए गए ज्ञान को अपने जीवन में उतार सकें। शिक्षक दिवस के अवसर पर संयंत्र एवं सम्बद्ध निजी विद्यालयों के प्रतिभावान शिक्षकों को सम्मानित किया जाएगा।

कार्नर न्यूज

**मानिकपुरी पनिका समाज भिलाई की महिलाओं ने मनाया तीज महोत्सव**

## नृत्य और खेलकूद में महिलाओं ने किया अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन, तीज महोत्सव में दिखा उत्साह

**भिलाई।** मानिकपुरी पनिका समाज भिलाई की महिलाएं तीज मिलन महोत्सव समाजिक भवन रुआबांधा में मनाया गया। जिसमें सामाजिक सदस्याओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम व खेलकूद सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रिसाली नगर निगम महापौर शशि सिन्हा, सांसद पत्नी रजनी विजय बघेल, सीमा साहू सदस्य महपौर परिषद, पार्षद सविता ढवस, पार्षद सारिका साहू, पार्षद ममता यादव, छत्तीसगढ़ी लोक गायिका रजनी रजक, किर्ति लता वर्मा पूर्व एल्डरमैन सहित अनेक गणमान्य महिलाएं उपस्थित थी।







### विभिन्न क्षेत्रों से महिलाओं ने की शिरकत

मानिकपुरी पनिका समाज भिलाई के तीज महोत्सव में खुर्सीपार, शारदापारा, जेपी नगर, रामनगर, सुपेला, कोहका, कुरुद, उतई, डुंडेरा, स्टेशन मरोदा, टंकी मरोदा, रिसाली, आशिष नगर, रुआबांधा, उमरपोटी, सभी सेक्टर, हुडको के आलावा पाटन, धमधा व दुर्ग सहित अन्य क्षेत्रो से लगभग दो सौ से अधिक समाजिक महिलाओं ने कार्यक्रम में शिरकत की। तीज महोत्सव के आयोजन में समाज की महिलाओं ने नृत्य, संगीत व नाटक के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। साथ ही विभिन्न गेम्स में भी बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का मंच संचालन दीपाली ने किया। इस दौरान व्यवस्थापक लक्ष्मी, बबीता, अर्चना, सविता, आरती सहित समाज की सभी सक्रिय सदस्याएं उपस्थित थी। इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेताओं को पुरस्कृत भी किया गया।

## हेल्थ टिप्स

### शरीर में आयरन की कमी को दूर कर सकते हैं ये आयुर्वेदिक टिप्स




क्या शरीर में आयरन की कमी से होने लगी है परेशानियां? ऐसे में आयुर्वेद आपकी मदद कर सकता है। आइए, यहां एक्सपर्ट से जानते हैं कि कौन-कौन से आयुर्वेदिक टिप्स आयरन की कमी को दूर कर सकते हैं। हर समय थकान का महसूस होना, हाथ-पैर ठंडे हो जाना, कभी-कभी चक्कर आ जाना शरीर में आयरन की कमी की निशानी हो सकते हैं। आयरन शरीर के लिए ऐसा जरूरी तत्व है, जो सेहत के लिए नुकसानदायक हो सकता है। आयरन की कमी की वजह से एनीमिया का रिस्क भी बढ़ जाता है, जो महिलाओं की सेहत के लिए सही नहीं माना जाता है। आयरन की कमी को दूर करने के ऐसे तो कई तरीके हैं। लेकिन क्या आप जानती हैं कि कुछ आयुर्वेदिक टिप्स को अपनाकर भी आयरन की कमी को दूर किया जा सकता है। जी हां, आयरन की कमी को दूर करने के टिप्स डॉ. चैताली राठौड़ ने सोशल मीडिया पर शेयर किए हैं। डॉ. चैताली राठौड़ ने BAMS किया है।

#### आयरन की कमी को दूर करने के लिए आयुर्वेदिक टिप्स



एक्सपर्ट के मुताबिक, आजकल लो आयरन और हीमोग्लोबिन की समस्या बहुत कॉमन होती जा रही है। जिन लोगों को हार्मोन इश्यू, इनफर्टिलिटी, मोटापा, कब्ज, बवासीर या लीवर की बीमारी होती है उनके शरीर में ज्यादातर आयरन की कमी होती है। ऐसे में कुछ आयुर्वेदिक टिप्स आपके लो आयरन और हीमोग्लोबिन लेवल को बढ़ाने में मदद कर सकते हैं।

#### आंवला और शहद

एक्सपर्ट के मुताबिक, आंवला में विटामिन सी और आयरन भरपूर मात्रा में पाया जाता है। रोजाना आंवला का सेवन करना लो हीमोग्लोबिन में फायदेमंद हो सकता है और शरीर में रेड ब्लड सेल्स की मात्रा को भी बढ़ाने में मदद कर सकता है। आंवला और शहद के कॉम्बिनेशन का बेहतर रिजल्ट के लिए सुबह सेवन करने की सलाह दी गई है।

#### मेथी के बीजों का पानी

मेथी के बीजों के पानी का सेवन करना भी आयरन की कमी को दूर करने में मदद करता है। इसके लिए मेथी के बीजों को रातभर पानी में भिगोकर रख दें और फिर छानकर पानी का सेवन कर सकते हैं। साथ ही आप मेथी के बीजों के पानी से चावल या खाना पकाने में भी इस्तेमाल कर सकती हैं।

#### कद्दू, तिल और सरसों के बीज

कद्दू, तिल और सरसों के बीजों के मिक्चर का सेवन करना भी आयरन की कमी को दूर करने में मदद कर सकताहै। इन बीजों में आयरन की भरपूर मात्रा होती है, जो शरीर में हीमोग्लोबिन बढ़ाने में मदद कर सकता है। डाइट में कद्दू के बीजों को शामिल करने से रेड ब्लड सेल्स के प्रोडक्शन में मदद मिलती है। इन सभी बीजों को एक जैसी मात्रा में मिलाकर रोजाना सुबह के समय खाना फायदेमंद हो सकता है। एक्सपर्ट के मुताबिक, आयरन की कमी को कम करने के लिए इन आयुर्वेदिक टिप्स को हर उम्र के लोग अपना सकते हैं, लेकिन जिन्हें आर्थराइटिस की समस्या है उन्हें आंवला के सेवन से बचने की सलाह दी गई है। और जिनका ब्लड शुगर लेवल कम रहता है उन्हें कसूरी मेथी का सेवन करने से बचना चाहिए।

#### आयरन की कमी दूर करने के अन्य उपाय

हरी सब्जियांः आयरन की कमी को दूर करने के लिए हरी पत्तेदार सब्जियों का सेवन करने की सलाह दी जाती है। क्योंकि हरी सब्जियों में आयरन की मात्रा भरपूर होती है जो शरीर में रेड सेल्स को बनाने में मदद करता है।

दाल और फलियांः आयरन की कमी को दूर करने के लिए सफेद चने, सोयाबीन, मसूर की दाल, चना दाल आदि का सेवन करने की भी सलाह दी जाती है। क्योंकि इनमें आयरन के साथ प्रोटीन भी भरपूर मात्रा में होता है जो मसल्स को मजबूत करने में मदद करता है।

#### ड्राई फ्रूट्स

ड्राई फ्रूट्स में आयरन के साथ हेल्दी फैट्स, विटामिन्स, मिनरल्स और फाइबर की भी भरपूर मात्रा पाई जाती है। ऐसे में ड्राई फ्रूट्स खून की कमी को दूर करने के साथ-साथ सेहत के लिए भी फायदेमंद होते हैं।



## तन, मन और दिमाग की संतुलित अवस्था आज की सबसे बड़ी जरूरत

# मानसिक स्वास्थ्य का हमेशा रखें ख्याल खुशियों के लिए दवाएं होती हैं कारगर

शांति, मन की प्रसन्नता से होती है, लेकिन कई विदेशी विद्वानों ने इसे दवाओं यानी ड्रग्स के जरिये पाने की कोशिश की। सवाल यह है कि क्या किसी दवा के जरिये शांति और खुशी को पाया जा सकता है? जीवन में हम सभी खुशियां चाहते हैं। हमारा हर कर्म प्रायः इसी उद्देश्य से किया जाता है कि अंततः हमें प्रसन्नता मिले। शायद हम और आप सच्ची खुशी का अर्थ यही समझते हैं। किसी बात से मन का खुश हो जाना एक सामान्य-सी बात है। लेकिन कम लोग ही जानते हैं कि आंतरिक खुशी हमारे लिए ज्यादा महत्व रखती है और यह आंतरिक खुशी तभी आती है, जब हमारा मन खुश हो। मस्तिष्क शांत हो। आंतरिक या सच्ची खुशी का अनुभव करने के लिए तन, मन और दिमाग, तीनों की संतुलित अवस्था की आवश्यकता होती है।

आज की इस तनाव और भागमभाग वाली जिंदगी में इसे अनुभव करना एक दुष्कर कार्य है, जिसकी खोज में लोग अलग-अलग दिशाओं में दौड़ लगा रहे हैं। खुशी तो हमें किसी भी स्रोत से मिल सकती है, लेकिन सच्ची खुशी हमारे अंदर ही होती है। अफसोस कि आज कुछ लोग इसे अपने अंदर ढूंढने की जगह बाहरी स्रोतों में तलाश रहे हैं, दवाओं पर निर्भर होते जा रहे हैं।

बीसवीं सदी के सुप्रसिद्ध लेखक एल्डस लियोनार्ड हक्सले तक इसी भ्रम में रहे कि "एलएसडी (लिसर्जिक एसिड डाइएथिलेमाइड) दवा द्वारा आप उस आध्यात्मिक अनुभूति को पा सकते हैं, जिसे गौतम बुद्ध, महात्मा कबीर और गुरु नानक देव ने प्राप्त किया था।" उन्होंने अपनी पुस्तक 'हेवन एंड हेल' में यहां तक लिख दिया है कि "भविष्य में विज्ञान द्वारा कृत्रिम रूप से निर्मित दवाओं का असर बिल्कुल वैसा ही होगा, जैसा कि वेदों में सोमरस का प्रभाव था। हममें से सभी सोमरस शब्द से परिचित हैं। हक्सले के अनुसार, प्राचीन काल में जिस तरह सोमरस द्वारा स्वस्थ, युवा शरीर और प्रसन्नता को पाया जाता था, उसी तरह भविष्य में एलएसडी दवाओं द्वारा प्रसन्नता को पाया जा सकेगा।"

अब यह केवल उनकी अतिश्योक्ति थी या भविष्यवाणी, यह तो अध्ययन और अनुभव की बात है,



क्योंकि आज हजारों युवा नशीली दवाओं के सेवन के कारण जेल में बंद हैं। सच्ची खुशी, आंतरिक शांति और संतुष्टि, ये सब अद्भुत चीजें हैं, जिनको किसी भी तरह की कृत्रिमता से नहीं पाया जा सकता। आध्यात्मिक विचारक आचार्य रजनीश कहते हैं, "मैं इस बात को इस साधारण दुनिया से परे एक ऐसी खोज के तौर पर देखता हूं, जो कि गलत तरीके से की जा रही है, क्योंकि यह लोगों को वास्तविकता से दूर कर देती है।

### दवा का असर खत्म होने पर

कुछ घंटों बाद जब दवाओं का असर खत्म होने लगता है तो उन्हें पुनः उसे इंजेक्ट करने की आवश्यकता पड़ती है। इस तरह धीरे-धीरे लोग दवाओं यानी ड्रग्स के शिकंजे में आसानी से फंसते चले जाते हैं। साथ ही जितनी बार वे इसे इंजेक्ट करते हैं, उनकी दवाओं पर निर्भरता बढ़ती चली जाती है।

अतः अनुभव करने के लिए उन्हें लगातार इसकी मात्रा बढ़ाते रहने की जरूरत पड़ती है।" युवाओं को ड्रग्स की ऐसी लत लग जाती है कि वे इसके लिए जेल तक जाने के लिए तैयार हो जाते हैं। ओशो कहते हैं, "मैं इसे युवाओं की दिशाहीनता के रूप में देखता हूं, क्योंकि उन्हें यह बताने वाला कोई नहीं है कि दवाओं के सेवन से उनकी किसी भी इच्छा की संतुष्टि होना असंभव है। केवल ध्यान, शांति और विचारों की उत्कृष्टता द्वारा संतुष्टि और प्रशंसा को पाया जा सकता है। यह उन्हें समझने और समझाने की आवश्यकता है।"

### गलतियों पर प्यार और बड़ों के समय की जरूरत

युवाओं को उनकी गलतियों पर सजा की जगह प्यार से समझाने की जरूरत होती है। बड़ों को चाहिए कि वे उनके लिए समय निकालें। ओशो आगे कहते हैं, "मैं युवाओं से एक ही अनुरोध करता हूं कि वे ज्यादा से ज्यादा ध्यान केंद्रित करें। ध्यान के अभाव में सत्य की खोज केवल एक भ्रम है, स्वप्न है और फिर स्वप्न तो स्वप्न ही होते हैं। किसी जिज्ञासा की खोज स्वागत योग्य पहल तो है, लेकिन उसके लिए सही निर्देश देने की आवश्यकता है।"

आज सभी को स्वयं के बारे में जानने की जरूरत है। अपनी वास्तविक शक्तियों को जानने की जरूरत है और यह सुखद है कि लोग जानना भी चाह रहे हैं। आज नहीं तो कल वे भी अपने बच्चों को सही दिशा देने में सक्षम हो पाएंगे। ऐसे कई लोग हैं, जिन्होंने ध्यान द्वारा दवाओं की लत से मुक्ति पाई है। जैसे-जैसे वे ध्यान को अपने जीवन का हिस्सा बनाते गए, उनके ड्रग्स की लत छूटती चली गई। अब उन्हें किसी दवा की आवश्यकता नहीं है, न कोई सजा, न जेल, बस एक सही निर्णय उन्हें इस लत से बाहर निकाल लाया। आपका अस्तित्व-बोध आपको प्रेम, शांति, सत्य आपके स्वयं के होने के भाव से समृद्ध कर सकता है, जिसके बाद आपको कुछ भी और पाने की इच्छा नहीं रहेगी।



## एसिडिटी की समस्या से हैं परेशान तो करें इन योगासनों का अभ्यास

गैस व एसिडिटी की समस्या आम है, हालांकि कई बार यह स्थिति गंभीर हो जाती है। खराब जीवनशैली और असंतुलित खानपान के कारण पेट संबंधित परेशानियां हो सकती हैं। एसिडिटी या गैस की समस्या से राहत पाने के लिए कई बार लोग दवाओं का सहारा लेते हैं। हालांकि दवाओं से लंबे समय तक पेट संबंधित बीमारियों का इलाज नहीं करना चाहिए।

तीखा, मसालेदार खाना और अत्यधिक मीठे खाद्य पदार्थों के अत्यधिक सेवन से गैस व एसिडिटी की शिकायत बढ़ सकती है। धूम्रपान, चाय और कॉफी इस समस्या को बढ़ा देते हैं। कुछ सरल योगासनों को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाकर इस समस्या से निजात पा सकते हैं। पेट से जुड़ी बीमारियों जैसे अपच, गैस या एसिडिटी का उपचार ध्यान और योग के जरिए किया जा सकता है। योग से पाचन तंत्र दुरुस्त रहता है और एसिडिटी व गैस को कम किया जा सकता है।

**वज्रासनः** भोजन को पचाने के लिए और गैस व एसिडिटी की संभावना को कम करने के लिए वज्रासन असरदार है। वज्रासन योग पाचन संबंधी समस्याओं को दूर करने में मदद करता है। कब्ज, एसिडिटी, बवासीर, आंतों की गैस आदि के ठीक रखने के लिए वज्रासन योग कर सकते हैं। वज्रासन करने के लिए घुटनों के बल बैठकर दोनों पैरों की उंगलियां एक साथ रखें और एड़िया अलग



रखें। सिर और पीठ को सीधा रखते हुए घुटनों को आपस में जोड़ लें। आंख बंद करके सामान्य रूप से सांस लें और कम से कम 10 मिनट तक बैठें।

**बालासनः** एसिडिटी की समस्या को दूर करने के लिए बालासन कर सकते हैं। इस आसन से पेट के अंदरूनी अंगों की अच्छी तरह से मालिश होती है। इस योग को करने के लिए रीढ़ को सीधा रखते हुए वज्रासन की मुद्रा में बैठ जाएं। सांस लेते हुए दोनों हाथों को ऊपर उठाएं। सांस छोड़ते हुए दोनों हाथों को सीधा रखते हुए माथा जमीन पर टिकाएं। इसके बाद कमर के ऊपरी हिस्से को आगे की ओर झुकाएं और 30 सेकेंड तक इसी मुद्रा में बने रहें। फिर वज्रासन मुद्रा में वापस आ जाएं।

**हलासनः** एसिडिटी और गैस की समस्या को दूर करने के लिए हलासन का अभ्यास कर सकते हैं। कब्ज, अपच और अन्य पाचन समस्याओं के लिए हलासन असरदार है। इस आसन को करने के लिए पीठ के बल लेटकर हथेलियां जमीन की तरफ रखें। सांस भरते हुए अपने पैरों को ऊपर उठाएं और 90 डिग्री का कोण बनाएं। धीरे धीरे सांस छोड़ते हुए पैरों के पंजों को जमीन से छूने की कोशिश करें। हाथों को कमर से हटाकर जमीन पर सीधा रखें। इस मुद्रा में रहते हुए सामान्य रूप से सांस लें और सामान्य स्थिति में वापस आ जाएं।



## दाल बाटी बनाते रखें इन बातों का ध्यान खाकर हर कोई चाटते रह जाएगा उंगलियां

अक्सर जब हम बाटी बनाते हैं तो या तो ये कच्ची रह जाती है या फिर इतनी टाइट हो जाती है, जिसे खाना बेहद मुश्किल हो जाता है। अगर आप भी इसी परेशानी का सामना करती हैं, तो इसका आज हम आपको इसका हल बताएंगे। दरअसल, आज हम आपको बाटी बनाने के कुछ ऐसे टिप्स बताने जा रहे हैं, जिन्हें फॉलो करके आप बिल्कुल राजस्थान के जैसी बाटी बना पाएंगी।

### आटे का रखें ध्यान

बाटी बनाते समय इस बात का खास ध्यान रखें कि इसका आटा नर्म ना हो। बाटी का आटा जितना टाइट होगा, आपकी बाटी उतनी ही अच्छी बनेगी। ऐसा करने से बाटी काफी कुरकुरी बनती है।



### आटा गूंथते समय ना करें घी की कमी

अक्सर लोगों को ऐसा कहते सुना जाता है कि वो ज्यादा घी नहीं इस्तेमाल करते। पर, अगर आप बाटी के लिए आटा गूंथ रहीं हैं तो उसमें घी की मात्रा का अच्छे से ध्यान रखें। घी की वजह से ही ये अंदर से सॉफ्ट बनेगी।

### कुछ देर आटे को ऐसे ही रखें

बाटी बनाने के लिए जब आप आटा गूंथ लें तो इसको कम से कम तीस मिनट ऐसे ही रख दें। तब तक आप दाल की तैयारी कर सकती हैं।

### घी में जरूर करें डिप

बाटी का स्वाद घी की वजह से ही काफी बढ़ जाता है। जब ये बन जाए तो इसे घी में जरूर डिप करें। अगर आप गर्मागर्म बाटी को घी में डुबो देंगे तो इससे उसका स्वाद कई गुना बढ़ जाएगा।

## हथेली में मौजूद तिल से जानें कैसा रहेगा आपका भविष्य



सामुद्रिक शास्त्र में किसी भी व्यक्ति की हथेली में मौजूद तिलों के बारे में विस्तार से बताया गया है। हथेली में अलग-अलग जगह पर मौजूद तिल अलग-अलग प्रभाव देते हैं। कुछ तिल शुभ होते हैं तो वहीं कुछ अशुभ। हथेली में मौजूद ये तिल व्यक्ति के बारे में बहुत कुछ संकेत देते हैं, जिन्हें देखकर किसी भी व्यक्ति के भविष्य और स्वभाव के बारे में मूल्यांकन किया जा सकता है। आज हम आपको बताने जा रहे हैं तिल से संबंधित कुछ खास संकेतों के बारे में, जिन्हें देखकर व्यक्ति की आर्थिक स्थिति का अंदाजा लगाया जा सकता है।

### शुक्र पर्वत पर तिल

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार शुक्र पर्वत पर तिल होना शुभ नहीं माना जाता है। जिन लोगों की हथेली में शुक्र क्षेत्र पर तिल होता है, उन्हें वैवाहिक जीवन में समस्याओं का सामना करना पड़ता है। पार्टनर के साथ छोटी-छोटी बातों पर विवाद होता रहता है। साथ ही सरकारी मामलों एवं नौकरी में आपको कष्ट हो सकता है। किसी कारण से समाज में आपकी छवि खराब हो सकती है।

### मध्यमा उंगली पर तिल

यदि आपकी मध्यमा उंगली पर तिल है तो ज्योतिष की दृष्टि में भी ये बहुत अच्छा माना गया है। इसका मतलब आप बहुत भाग्यशाली हैं। मध्यमा उंगली पर तिल से व्यक्ति को जीवन में कभी भी खुशियां और धन की कमी नहीं होती है।

### चंद्र पर्वत पर तिल

जिनकी हथेली में चंद्र पर्वत पर तिल का निशान मौजूद होता है उनका मन अस्थिर और अशांत रहता है। ऐसे लोगों को जीवन में कई समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। साथ ही ये लोग प्यार में भी असफल होते हैं।

### गुरु पर्वत पर तिल

हस्तरेखा शास्त्र के अनुसार जिनकी हथेली में गुरु पर्वत पर तिल होता है ऐसे लोगों को जीवन में भरपूर धन-दौलत मिलती है। ऐसे लोगों को अपने जीवन में सारे सुख मिलेंगे।

## कार्नर न्यूज

### ऑफिस का माहौल भी खुशनुमा हो जाता है ऐसे आयोजन से

# ऑफिस में कलीग का बर्थडे सेलिब्रेट करने के लिए फॉलो करें कुछ शानदार टिप्स

ऑफिस में साथ काम करने वाले हमारे कलीग होते हैं, जिनके साथ हम रोज ऑफिस में 8 से 9 घंटे का समय बिताते हैं। वे सिर्फ साथ काम करने वाले ही नहीं, बल्कि कई बार ये हमारे अच्छे दोस्त, सलाहकार और सहयोगी भी बन जाते हैं। ऐसे में, कलीग हमारे सुख-दुख के साथी भी होते हैं, जो हर मुसिबत में भी हमारा साथ निभाते हैं और एक-दूसरे की खुशी को सेलिब्रेट भी करते हैं। ऐसे में, अगर आप आपकी कलीग का बर्थडे आ रहा है और आप इसे ऑफिस में ही मनाने की सोच रहे हैं, तो यह काफी इंटरेस्टिंग हो सकता है। चलिए हम आपको इस आर्टिकल में हम आपको आपके कलीग का बर्थडे सेलिब्रेट करने के कुछ तरीके बताने वाले हैं। यहां से आइडिया लेकर आप उनका जन्मदिन यादगार बना सकते हैं।



### केक और गिफ्ट खरीदें

बर्थडे बॉय या गर्ल को बर्थडे पर सरप्राइज देने के लिए सबसे ज्यादा जरूरी होता है उनके लिए केक और गिफ्ट लेना। ऐसे में अगर आप ऑफिस में अपने कलीग का बर्थडे सेलिब्रेट कर रहे हैं, तो उनकी पसंद का केक पहले ही ऑर्डर करके मंगवा लें। इसके बाद कोई खास गिफ्ट ऑफिस में कलेक्शन करके खरीद लें।

### गुब्बारे से डेकोरेशन

बर्थडे को और स्पेशल बनाने केलिए आप अपने ऑफिस को आकर्षक ढंग से सजा सकते हैं। इसके लिए ज्यादा कुछ नहीं, 5 से 10 गुब्बारे को फुला कर एक जगह एकत्र कर लें और सेलिब्रेशन वाले जगह पर बैकग्राउंड में अटैच कर दें। इससे केक कट होते समय तस्वीरें भी अच्छी आएंगी और आपके कलीग को भी अच्छा महसूस होगा।

### गेम्स और एक्टिविटीज को करें अरेंज

ऑफिस में कलीग के बर्थडे को सेलिब्रेट करने के लिए आप कुछ मजेदार गेम्स और एक्टिविटीज को भी आयोजित कर सकते हैं। 30 मिनट में भी आप कोई भी गेम खेलकर थोड़ा एंजॉय कर सकते हैं। आप चाहें तो ट्रुथ एंड डेयर या फिर कार्ड्स आदि भी खेल सकते हैं। इस तरह बर्थडे सेलिब्रेशन को यादगार बनाने के लिए कुछ अनोखा करें।

### लंच या डिनर का करें इंतजाम

ऑफिस में कलीग का बर्थडे सेलिब्रेट करने के लिए आपलोग कलेक्शन करके खाने-पीने का भी इंतजाम कर सकते हैं। अगर दिन का समय है तो लंच और यदि शाम हो गई है, तो आप स्नैक्स से भी काम चला सकते हैं। ध्यान रहे, बर्थडे बॉय/गर्ल के पसंदीदा व्यंजन जरूर रखें, इससे उनको खुशी होगी।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## यूजीन और डैन लैवी संभालेंगे मेजबानी की कमान, भारत में इस माह दिखेगा जलवा



76वें प्राइमटाइम एमी अवाड्र्स की मेजबानी की कमान एमी विजेता सिटकॉम शिट्स क्रीक के यूजीन लेवी और डैन लेवी संभालेंगे। वे पहले पिता-पुत्र की जोड़ी हैं जिन्हें प्राइमटाइम एमी अवाड्र्स के मेजबान के रूप में नामित किया गया है। पुरस्कार समारोह 15 सितंबर को लॉस एंजिल्स के पीकॉक थिएटर में होगा। यह 16 सितंबर को भारत में स्ट्रीम होगा। जो लोग प्रतिष्ठित पुरस्कार समारोह को देखने के लिए उत्सुक हैं वह ओटीटी पर इसका लुत्फ उठा सकते हैं। आइए इस अवॉर्ड शो के समय और भारत में यह कहां और कितने बजे प्रसारित होगा, जान लेते हैं- यूजीन लेवी और डैन लेवी द्वारा आयोजित 76वां प्राइमटाइम एमी अवाड्र्स भारत में लायंसगेट प्ले पर स्ट्रीम होगा। इसे सुबह साढ़े पांच बजे स्ट्रीम किया जाएगा। आप अपनी ओटीटीप्ले प्रीमियम सदस्यता के साथ भी इसे देख सकते हैं। एक आधिकारिक बयान में, पिता-पुत्र की जोड़ी ने पुरस्कार शो की मेजबानी को लेकर उत्साह व्यक्त किया है। उन्होंने कहा, 'हम टेलीविजन के इस असाधारण सीजन के लिए रोमांचित हैं। 15 सितंबर को आप सभी के साथ शाम बिताने का इंतजार नहीं कर सकता।'

दूसरी ओर, टेलीविजन अकादमी के चेयरपर्सन क्रिस अब्रेगो ने कहा कि टीम एमी मंच पर मेजबान के रूप में कॉमेडी प्रतिभा की दो पीढ़ियों का स्वागत करने के लिए रोमांचित है। उन्होंने कहा कि यूजीन और डैन लेवी स्क्रीन पर मनोरंजक क्षण बनाने के लिए जाने जाते हैं। उनका मानना है कि वे मंच पर एक साथ बहुत उत्साहित होंगे। अब्रेगो ने कहा, 'मैं एमी प्रशंसकों के यह देखने का इंतजार नहीं कर सकता कि उनके पास हम सभी के लिए क्या है।' जेसी कॉलिन्स एंटरटेनमेंट के लिए जेसी कॉलिन्स, डायोन हार्मन और जेने रौजन-क्ले ने भी पुरस्कार शो की मेजबानी करने वाले यूजीन और डैन के बारे में एक बयान साझा किया।

### टॉलीवुड

## कनगराज की 'कुली' में 'देवा' बनकर धमाल मचाएंगे रजनीकांत




निर्देशक लोकेश कनगराज ने सोशल मीडिया एक्स पर अपनी आगामी निर्देशित फिल्म 'कुली' का एक धांसू पोस्टर साझा किया है, जिसमें सुपरस्टार रजनीकांत बेहद ही स्टाइलिश और अनोखे अंदाज में नजर आ रहे हैं। फिल्म 'कुली' के इस नए पोस्टर को देकर प्रशंसक बेहद खुश हैं और इसकी रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। निर्देशक लोकेश कनगराज ने एक्स पर अपनी आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'कुली' का एक पोस्टर साझा किया है, जिसमें 'कुली' के किरदार में रजनीकांत को देखकर उनके प्रशंसक बेहद खुश और उत्साहित हैं। निर्देशक लोकेश कनगराज की आगामी एक्शन फिल्म 'कुली' के लिए सभी कलाकारों की घोषणा बुधवार 28 अगस्त को हुई थी। निर्माताओं ने अब सुपरस्टार रजनीकांत की फिल्म में उनके नाम 'देवा' के खुलासे के साथ किया। सोमवार को निर्देशक लोकेश ने खुद थलाइवा का एक पोस्टर साझा किया, जिसमें उनके किरदार का नाम बताया 'देवा'। इस पोस्टर में आप साफ देख सकते हैं कि रजनीकांत को एक सुनहरी प्लेट के पीछे की ओर देखते हुए देखा जा सकता है, जो एक आर्म बैज प्रतीत होता है, जिसके सामने 1421 नंबर लिखा हुआ है। उनके हाव-भाव से ऐसा लगता है कि उन्हें कुछ ऐसा मिल गया है जिसकी उन्हें तलाश थी, जबकि उनके हाव-भाव बेहद ही आकर्षक दिखाई दे रहे हैं। 'कुली' के बाकी सभी कैरेक्टर्स का भी पोस्ट पहले ही जारी किया जा चुका है। रजनीकांत का पोस्टर भी काले और सफेद रंग में है, जिसमें प्लेट के सुनहरे रंग को उजागर करने के लिए गोल्डन रंग का प्रयोग किया गया है।

### भोजपुरी

## खेसारी की 'राजाराम' में आकांक्षा की एंट्री, दर्शकों को है इंतजार



मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम की कहानी पर आधारित सुपर स्टार खेसारीलाल यादव और राहुल शर्मा की फिल्म 'राजाराम' की टीम को बाबा बागेश्वर धाम का आशीर्वाद प्राप्त हुआ है। फिल्म में एक और बड़ी खबर जुड़ गई है कि 'बिग बॉस' फेम आकांक्षा पुरी ने 'राजाराम' में एंट्री कर ली है। वह खेसारीलाल यादव के साथ एक धमाकेदार गाने में नजर आएंगी। दर्शकों के बीच आकांक्षा और खेसारी की केमेस्ट्री को लेकर अभी से ही चर्चे शुरू हैं। अभी हाल ही में खेसारी को आकांक्षा की बर्थडे पार्टी में भी देखा गया था, जिसके बाद दोनों पर सभी की नजरें थीं। के साथ उनकी जोड़ी को लेकर दर्शकों में काफी उत्सुकता है और गाना रिलीज होने से पहले ही चर्चा का विषय बन गया है। फिल्म 'राजाराम' के निर्माताओं का मानना है कि आकांक्षा की एंट्री से फिल्म को और भी मजबूती मिलेगी और यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाने के लिए तैयार है। बाबा बागेश्वर धाम के आशीर्वाद के साथ फिल्म 'राजाराम' की पूरी टीम को विश्वास है कि यह फिल्म दर्शकों के दिलों पर राज करेगी। फिल्म के निर्देशक और निर्माता इस बात को लेकर आश्वस्त हैं कि 'राजाराम' भोजपुरी सिनेमा की सबसे बड़ी हिट्स में से एक होगी। मालूम हो कि फिल्म 'राजाराम' का निर्माण टेक्नीशियन फिल्म फैक्ट्री के बैनर तले निर्माता पराग पाटिल और आर आर प्रिंस कर रहे है।




फैशन डिजाइनर सिर्फ स्टूडियो या स्टेज के मोहताज नहीं होते बल्कि वादियों में भी अपने कलेक्शन पेश करते हैं। पिछले दिनों जाने माने फैशन डिजाइनर डोनाटेला वर्सेस ने बर्फीली वादियों में मॉडल्स को पेश किया। डोनाटेला वे वर्सेस ग्रुप की उपाध्यक्ष और मुख्य डिजाइनर हैं। डोनाटेला पहली फैशन डिजाइनर हैं जिन्होंने कैटवॉक पर अपने डिजाइनों को बढ़ावा देने के लिए अनाम मॉडलों के बजाय ए-लिस्ट सेलिब्रिटीज का इस्तेमाल किया है।

## आंखों की ठंडक और सूजन कम करने के लिए आजमाएं ये तरीका

यदि रात को चावल खा लूं तो सुबह मेरे चेहरे और आंखों पर सूजन आ जाती है। इसी तरह हो सकता है कि किसी कारणवश आपकी आंखों में भी सूजन आ जाए। सुबह आप ऑफिस जाने के लिए तैयार हों और आंखों में पफी बैग्स बने हों, तो कितना खराब लगेगा। आंखों के नीचे बने ये बैग्स आमतौर पर खुद ही ठीक हो जाते हैं, लेकिन अगर आपको जल्दी कोई हल चाहिए, तो क्या करेंगे?

क्या आपने कभी चाय पत्ती का इस्तेमाल करके देखा है? नेशनल सेंटर फॉर बायोटेक्नोलॉजी इंफॉर्मेशन की एक स्टडी में यह बात सामने आई है कि चायपत्ती में हीलिंग प्रॉपर्टीज होती हैं जो कई कंडीशन्स को सुधारने और नियंत्रित करने में मदद कर सकती हैं। यह एक ऐसा इंएक्सपेंसिव ऑप्शन है, जो बिना किसी नुकसान के आपकी आंखों के नीचे बने बैग्स को दूर करने में मदद करेगा। अगर आपकी आंखों में दर्द या जलन हो रही है या फिर आंखें थक चुकी हैं, तो भी टी बैग्स आपकी मदद कर सकते हैं।

इस आर्टिकल में चलिए टी बैग्स बेनिफिट्स जानने के साथ ही उन्हें अप्लाई करने का सही तरीका आपको बताएं। साथ ही जानें कि इन्हें किस वक्त लगाना ज्यादा बेहतर हो सकता है।

ठंडे टी बैग्स आंखों पर लगाने के बेनिफिट्स

ठंडे टी बैग्स आंखों पर लगाने के कई फायदे हैं। यह कोल्ड कंप्रेस की तरह का काम करता है। यह एक अफॉर्डेबल ट्रीटमेंट है, जिसकी मदद से आपके छोटे-मोटे कंसर्न्स दूर हो सकते हैं। आंखों में होने वाली



रेडनेस, जलन, सूजन, पफीनेस आदि को दूर करने के लिए टी बैग्स का कोल्ड कंप्रेस काफी मदद करता है। इतना ही नहीं, आंखों के नीचे बने डार्क सर्कल्स को भी इसकी मदद से दूर किया जा सकता है।

## क्लासी लुक के लिए ऑफिस में पहनें शानदार इयररिंग्स




ऑफिस जाने के लिए जिस तरीके से हम अपने आउटफिट का खास ध्यान रखते हैं वैसे ही हम एक्सेसरीज कौन सी स्टाइल करें। इसके बारे में भी हमेशा सोचते रहते हैं। कई बार ऐसे आउटफिट में ऑफिस में वियर करते हैं जिनके साथ समझ नहीं आता कि कौन से इयररिंग्स को स्टाइल करें ताकि खूबसूरत नजर आएं। ऐसे में आप यहां से इयररिंग्स डिजाइन का ऑप्शन सर्च कर सकती हैं ताकि लुक भी क्लासी लगे और आप इन्हें स्टाइल करके कम्फर्टेबल फील कर सके।

### हार्ट शेप स्टड इयररिंग्स



अगर आपको स्टड इयररिंग्स पहनना पसंद है तो इसके लिए आप हार्ट शेप वाले ऑप्शन को ट्राई कर सकती हैं। इस तरीके के इयररिंग्स दिखने में छोटे होते हैं लेकिन पहनने में काफी क्लासी लगते हैं। इसे आप आसानी से ऑफिस में स्टाइल कर सकती हैं। इसमें आपको अलग-अलग तरीके के डिजाइन और ऑप्शन मिल जाएंगे। इन्हें स्टाइल करना आप इसलिए भी पसंद करेंगी, क्योंकि ये हर एक आउटफिट के साथ अच्छे से स्टाइल हो जाते हैं।



### हूप्स इयररिंग्स

मार्केट में आपको अलग-अलग तरह के हूप्स इयररिंग्स के ऑप्शन मिल जाएंगे। जिसे आप ऑफिस वियर ड्रेस (ऑफिस में स्टाइल करें ये आउटफिट) के साथ स्टाइल कर सकती हैं। इसमें आपको स्टोन वर्क हूप्स, सिंपल हूप्स, जिकजैक हूप्स वैगरह जैसे और भी ऑप्शन मिल जाएंगे। जिन्हें आप ऑफिस में पहन सकती हैं। इसकी खास बात ये है कि ये छोटे होते हैं आसानी से आप डेली वियर कर सकती हैं। इस तरीके के इयररिंग्स आपको 200 से 300 की रेंज में मिल जाएंगे।

### पर्ल इयररिंग्स

पर्ल डिजाइन की ज्वेलरी आजकल काफी ट्रेंड में है अगर आप भी इस तरीके की ज्वेलरी पहनना पसंद करती हैं तो ऑफिस के लिए इसमें छोटे पेयर ऑफ पर्ल इयररिंग्स (पर्ल ज्वेलरी डिजाइन) को स्टाइल कर सकती हैं। इस तरीके के इयररिंग्स देखने में भी अच्छे लगते हैं साथ ही पहनने के बाद आपके लुक को क्लासी बनाते हैं। इसे आप ड्रेस के साथ स्टाइल करेंगी तो काफी खूबसूरत लगेंगी। इसमें आपको अलग-अलग कलर के पर्ल मिलेंगे।

## साड़ी के साथ ट्राई करें बैक डोरी ब्लाउज डिजाइन, लोग करेंगे आपकी तारीफ

साड़ी पहनना हर लड़की को पसंद होता है। लेकिन उसके साथ सिर्फ सेम डिजाइन का ब्लाउज पहनकर आप बोर हो गई होंगी। ऐसे में आपका भी मन होता होगा कुछ नए डिजाइन ट्राई करने का। इसके लिए आप डोरी वाले ब्लाउज डिजाइन को ट्राई कर सकती हैं। ये ब्लाउज भी साड़ी के साथ काफी अच्छे लगते हैं। इनकी खास बात ये होती है कि ये सिंपल साड़ी लुक को भी स्टाइलिश बना देते हैं। अगर आपको बैक डोरी वाले ब्लाउज पसंद है तो ये डिजाइन आपको काफी अच्छे लगेंगे।



### डोरी विद बो ब्लाउज डिजाइन

अगर आप एक ही तरह के ब्लाउज डिजाइन पहनकर बोर हो गई हैं तो इस बार ट्राई करें डोरी विद बो ब्लाउज डिजाइन। इस तरीके के ब्लाउज काफी क्लासी लुक देते हैं। इसमें बैक डीप होती है साथ ही ऊपर बाजू के पास और नीचे कमर पर डोरी लगाई जाती है। इससे ब्लाउज और ज्यादा अच्छा लगने लगता है। इसका जो बो नीचे की तरफ बनाया जाता है वो थोड़ा चौड़ा होता है और ऊपर की डोरी पतली रखी जाती है। इस तरीके के डोरी डिजाइन वाले ब्लाउज सिल्क साड़ी के साथ काफी अच्छे लगते हैं।

### लेयर डोरी ब्लाउज डिजाइन

बिना डीप रखे अगर आपको अपने ब्लाउज डिजाइन को खूबसूरत दिखाना है तो इसके लिए आप लेयर डोरी ब्लाउज डिजाइन को ट्राई कर सकती हैं। इस तरीके के ब्लाउज में आपको पीछे के नेकलाइन को डीप नहीं रखना पड़ेगा। बस आपको इसके लिए लेयर डोरी बनानी होगी। इसके लिए आपको एक ट्रायंगल बनाना है फिर दूसरा बनाना है ।

## त्वचा के लिए बेहद फायदेमंद है ग्लिसरीन, ऐसे कीजिए इस्तेमाल

इस मौसम में कभी बारिश हो रही है तो कभी तेज धूप निकल रही है। बदलते इस मौसम का सीधा प्रभाव लोगों की त्वचा पर पड़ने लगा है। इस बदलते मौसम में अपनी त्वचा का ध्यान रखना बेहद जरूरी होता है। ऐसे में आज हम आपको एक ऐसी चीज के बारे में बताएंगे, जिसका इस्तेमाल आप त्वचा का ध्यान रखने के लिए कर सकते हैं। हम बात कर रहे हैं ग्लिसरीन की, जिसके इस्तेमाल से आपकी त्वचा काफी ग्लोइंग हो जाएगी। अगर आप अपने चेहरे पर सीधा ऐसे ही ग्लिसरीन का इस्तेमाल करेंगे तो इसका ज्यादा कुछ असर देखने को नहीं मिलेगा लेकिन अगर आप कुछ चीजों को इसके साथ मिलाकर चेहरे पर लगाएंगे तो असर कुछ दिन में दिखने लगेगा। आज के इस लेख में हम आपको ऐसी 5 चीजों के बारे में बताएंगे, जिनका इस्तेमाल आप ग्लिसरीन में मिलाकर कर सकते हैं। आइए देर ना करते हुए आपको इन चीजों के बारे में बताते हैं। अगर आपकी त्वचा काफी रूखी है तो ग्लिसरीन में गुलाब जल मिलाकर चेहरे पर लगाएं।

इससे आपकी त्वचा की नमी बरकरार रहेगी और साथ ही में चेहरा भी ग्लो करेगा। अगर आप चेहरे पर



होने वाले पिंपल्स के दाग-धब्बों से छुटकारा पाना चाहते हैं तो मुल्तानी मिट्टी और ग्लिसरीन को मिलाकर चेहरे पर लगा सकते हैं। इस पैक को कुछ समय चेहरे पर लगाएं और फिर चेहरे को अच्छे से साफ कर लें। अगर आप पिगमेंटेशन से परेशान हैं तो ग्लिसरीन के साथ शहद को मिलाकर लगाएं। एक्ने और पिपंल से छुटकारा पाने के लिए भी आप इस पैक का इस्तेमाल कर सकते हैं। अगर आप स्किन पर खुजली और लालिमा से परेशान हैं तो ग्लिसरीन में नींबू का रस मिलाकर त्वचा पर लगाएं।

**कार्नर न्यूज**

### सुंदर दिखने जरूर आजमाएं टिप्स, लोग चाहेंगे आप जैसा मेकअप

## नाइट पार्टी में परफेक्ट दिखना चाहती हैं तो इन मेकअप लुक्स को करें फॉलो

*बहुत सी बॉलीवुड एक्ट्रेस अक्सर अपने लुक्स सोशल मीडिया पर काफी फेमस रहती हैं, ज्यादातर लड़कियां उनके मेकअप लुक्स को फॉलो भी करती हैं। अगर आप भी पार्टी मेकअप के लिए कुछ नया लुक क्रिएट करना चाहती हैं तो इनके शेयर किए गए लुक्स को ट्राई कर सकती हैं और सुंदर दिख सकती हैं। जरूरी नहीं कि आप हमेशा ऐसा ही लुक्स रखें लेकिन कुछ खास मौके पर इन्हें आजमा सकती हैं।*



### न्यूड मेकअप लुक्स

आजकल पार्टी के लिए न्यूड मेकअप लुक काफी पसंद किया जा रहा है। ये लुक देखने में मिनिमल लगता है लेकिन इसे क्रिएट करने में काफी समय लगता है। इस बेस को करने के लिए आपको हैवी बेस या फिर बोल्ड आंखों की जरूरत नहीं है, बल्कि आप केवल कंसीलर और ब्रोंजर की मदद से इस लुक को क्रिएट कर सकती हैं। आप चाहे तो इसके साथ लिप्स को न्यूड और आंखों को बोल्ड कर सकती हैं। इसके लिए भी आपको न्यूड और ब्लैक शेड का इस्तेमाल करना होगा। पार्टी के लिए ये लुक काफी क्लासी लगते हैं इन्हें आप किसी भी आउटफिट के साथ क्रिएट कर सकती हैं।

### ग्लॉसी मेकअप लुक्स

अगर आपको पार्टी ग्लोइंग स्किन चाहिए तो इसके लिए आप ग्लॉसी मेकअप (मिनिमल मेकअप लुक) लुक्स क्रिएट कर सकती हैं। इसके लिए आपको बेस के साथ हाइलाइटर का इस्तेमाल करना होगा। आप इस मेकअप लुक के लिए आंखों पर शिमर कलर का इस्तेमाल करें। लिप्स के लिए आपको मैट की जगह ग्लॉसी लिपस्टिक का इस्तेमाल करना है। इस तरीके के लुक के बाद आपकी स्किन शाइन करती है। ऐसे मेकअप लुक्स को आप पार्टी में ट्राई कर सकती हैं। इस मेकअप के लिए ग्लॉसी प्रोडक्ट का ही इस्तेमाल करें।

